श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 257, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 13 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस के भुगतान को भी मंजूरी

# रेलवे कर्मचारियों को दिवाली की सौगात

**नई दिल्लीः** कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस के भुगतान को भी मंजूरी दी। रेलवे के 11.27 लाख कर्मचारियों को 1,832 करोड़ रुपये का प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस दिया जाएगा। यह 78 दिनों का बोनस होगा और इसकी अधिकतम सीमा 17,951 रुपये होगी। कैबिनेट की बैठक में बुधवार को बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मियों को छोड़कर अराजपत्रित रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता-लिंक्ड बोनस (पीएलबी) का भुगतान किया जाएगा।

**लॉकडाउन के दौरान बेहतर कार्य करने के लिए भुगतानः** पीएलबी के भुगतान के लिए निर्धारित वेतन गणना की सीमा 7,000 रुपये प्रति माह है। रेल मंत्रालय ने पहले कहा था कि रेल कर्मचारियों ने यात्री और माल सेवाओं के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दरअसल, रेल कर्मचारियों ने लॉकडाउन अवधि के दौरान भी आवश्यक वस्तुओं जैसे भोजन, खाद, कोयला और अन्य वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की। रेलवे ने सुनिश्चित किया है कि परिचालन के क्षेत्र में ऐसी वस्तुओं की कोई कमी न हो।




**पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए नई पीएम-डिवाइन योजना को मंजूरीः** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग के शेष चार वर्षों के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) नई योजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यीक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इस नई योजना को मंजूरी दी है। नई योजना, पीएम-डिवाइन शत प्रतिशत केंद्र से वित्त पोषित है। इसे पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा लागू किया जाएगा। पीएम-डिवाइन योजना में 2022-23 से 2025-26 तक चार साल की अवधि के लिए 6,600 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा। पीएम-डिवाइन बुनियादी ढांचे के निर्माण, उद्योगों, सामाजिक विकास परियोजनाओं का समर्थन करेगा और युवाओं व महिलाओं के लिए आजीविका गतिविधियों का निर्माण करेगा, जिससे रोजगार सृजन होगा।

## तेल कंपनियों के 22 हजार करोड़ के नुकसान की भरपाई को मंजूरी

**नई दिल्ली: केन्द्रीय** मंत्रिमंडल ने घरेलू एलपीजी में नुकसान के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए एकमुश्त 22 हजार करोड़ रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में तेल कंपनियों को राहत देने का यह फैसला किया गया।

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि दुनिया में घरेलू गैस एलपीजी के दाम करीब 300 प्रतिशत तक बढ़े हैं। भारत सरकार ने जनता को मुफ्त अनाज और मुफ्त वैक्सीन प्रदान की। किसानों पर खाद की बढ़ी कीमतों का बोझ नहीं पड़ने दिया। इसी प्रकार तेल और गैस की कीमतों को भी कम रखा गया। इसके चलते पेट्रोलियम कंपनियों पर जून 2020 से 2022 तक 22 हजार करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ा। सरकार ने फैसला किया है।

# हिंदी को लेकर दक्षिण के दो राज्य भड़के

## केरल राजभाषा को लेकर बनी संसदीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करेगा

**चेन्नईः** एक बार फिर हिंदी को लेकर दक्षिण के दो राज्यों का विरोध सामने आया है। केरल के सीएम पिनराई विजयन ने पीएम मोदी को एक लेटर लिखा है। इसमें कहा गया है कि केरल राजभाषा को लेकर बनी संसदीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करेगा। पिनराई ने कहा है कि भारत 'अनेकता में एकता' की अवधारणा से परिभाषित होता है, जो सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को स्वीकार करता है। किसी एक भाषा को दूसरों से ऊपर बढ़ावा देना अखंडता को नष्ट कर देगा। उन्होंने इस मामले में प्रधानमंत्री से दखल देने और और सुधार करने वाले फैसले लेने के मांग की है। उधर, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा है कि हिंदी थोपकर केंद्र सरकार को एक और भाषा युद्ध की शुरूआत नहीं करनी चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा है कि हिंदी को अनिवार्य बनाने के प्रयास छोड़ दिए जाएं और देश की अखंडता को कायम रखा जाए। दोनों नेताओं ने यह बातें राजभाषा पर संसदीय समिति के अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हाल में सौंपी गई एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया में कहीं। स्टालिन ने कहा कि ऐसा होने से देश की बड़ी गैर-हिंदी भाषी आबादी अपने ही देश में दोयम दर्जे की रह जाएगी। उन्होंने कहा, हिंदी को थोपना भारत की अखंडता के खिलाफ है। हमें सभी भाषाओं को केंद्र की आधिकारिक भाषा बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, अंग्रेजी को हटाकर केंद्र की परीक्षाओं में हिंदी को प्राथमिकता देने का प्रस्ताव क्यों रखा गया? ये संविधान के मूल सिद्धांत के खिलाफ है। ऐसा करके दूसरी भाषाओं के साथ भेदभाव करने का प्रयास किया जा रहा है। 1965 से ही डीएमके हिंदी को थोपने के खिलाफ संघर्ष कर रही है। हिंदी की तुलना में दूसरी भाषा बोलने वाले लोग देश में ज्यादा हैं। भाजपा सरकार अतीत में हुए हिंदी विरोधी आंदोलनों से सबक ले।




**अंग्रेजी की जगह हिंदी माध्यम की सिफारिशः** संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में आईआईटी, आईआईएम, एम्स, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों में अंग्रेजी की जगह हिंदी को माध्यम बनाने की सिफारिश की है।

## विधायक माणिक शिक्षक भर्ती घोटाले का मास्टर माइंड

**कोलकाताः** शिक्षक भर्ती घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के एमएलए माणिक भट्टाचार्य को गिरफ्तार करने के बाद जांच एजेंसी ईडी ने बड़ा दावा किया है। ईडी ने कहा- माणिक के बोर्ड अध्यक्ष रहते 58 हजार नियुक्तियां हुई, जिनमें पैसे लिए गए। जांच एजेंसी ने दावा किया कि माणिक के मोबाइल में डीडी और आरके नाम से दो नंबर मिले हैं, जिनकी फजीवांड़े में संलिप्तता है। ईडी ने बैंकशाल कोर्ट में कहा- हमें इन दो नंबरों की जांच करनी है। शिक्षक भर्ती घोटाले के मास्टरमाइंड माणिक ही है।

# नोटबंदी पर केंद्र-आरबीआई को 'सुप्रीम' नोटिस

## नोटबंदी पर याचिका, शीर्ष कोर्ट ने कहा- नीतिगत फैसलों की न्यायिक समीक्षा पर लक्ष्मण रेखा से अवगत

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह सरकार के नीतिगत फैसलों की न्यायिक समीक्षा पर लक्ष्मण रेखा से अवगत है, लेकिन यह तय करने के लिए 2016 के विमुद्रीकरण के फैसले की जांच करनी होगी कि क्या यह मुद्दा केवल अकादमिक अभ्यास बन गया है। पांच जजों की एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जब संविधान पीठ के समक्ष कोई मुद्दा उठता है, तो जवाब देना उसका कर्तव्य है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा कि जब तक विमुद्रीकरण अधिनियम को उचित परिप्रेक्ष्य में चुनौती नहीं दी जाती है, तब तक यह मुद्दा अनिवार्य रूप से अकादमिक रहेगा।

**अगली सुनवाई नौ नवंबर को होगीः** नोटबंदी की संवैधानिक वैधता को लेकर दाखिल की गई याचिका पर कोर्ट ने केंद्र सरकार और आरबीआई से विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा। दोनों ने कोर्ट हलफनामे के लिए समय मांगा। मामले में अगली सुनवाई नौ नवंबर को होगी। उच्च मूल्य बैंक नोट (विमुद्रीकरण) अधिनियम 1978 जनहित में कुछ उच्च मूल्य के बैंक नोटों के विमुद्रीकरण के लिए पारित किया गया था ताकि अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक धन के अवैध हस्तांतरण की जांच की जा सके, जो इस तरह के नोटों की सुविधा प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह घोषित करने के लिए कि अभ्यास अकादमिक है या निष्फल है, मामले की जांच करनी होगी क्योंकि दोनों पक्ष सहमत नहीं हैं।



**जिस तरह से किया गया, उसकी जांच जरूरीः** अदालत ने कहा कि इस मुद्दे पर जवाब देने के लिए हमें इसे सुनना होगा और जवाब देना होगा कि क्या यह अकादमिक है, अकादमिक नहीं है या न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। इस मामले में सरकार की नीति और उसकी सोच है।

# भारत की विकास दर अन्य देशों की तुलना में बेहतरः आईएमएफ




**नई दिल्लीः** 'अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के भारत की आर्थिक विकास दर में कटौती के अनुमान के बावजूद उसकी स्थिति बेहतर रहेगी।' यह कहना है आईएमएफ के एशिया और प्रशांत विभाग के डायरेक्टर कृष्णा श्रीनिवासन का। आईएमएफ के इस अधिकारी का कहना है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत में हालात बेहतर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज हर किसी देश की आर्थिक विकास के मामले में धीमी गति हो रही है, लेकिन भारत पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय संस्था के इस अधिकारी ने कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारत बेहतर स्थान पर है। कृष्णा श्रीनिवासन ने एक साक्षात्कार में कहा है कि अभी वैश्विक स्थिति बड़ी समस्या है। महंगाई भले ही बढ़ रही हो पर दुनिया के कई हिस्सों में विकास की गति धीमी हो रही है। उनका यह बयान ऐसे वक्त आया है जब आईएमएफ ने वर्ष 2022 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले जुलाई में भारत की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। आईएमएफ के अधिकारी ने कहा कि इस साल या अगले साल वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए जिम्मेदार कई देश मंदी की चपेट में आ जाएंगे।

तेजी से बढ़ रही महंगाई और व्यापक हो सकती है। श्रीनिवासन ने दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इन देशों में स्थिति बिगड़ती रहेगी।

## विदेशों में रुपे की स्वीकार्यता बढ़ाने की कोशिश में भारतः निर्मला

**नई दिल्लीः** डिजिटल पेमेंट और आर्थिक क्षेत्र में भारत की स्वीकार्यता वैश्विक पटल पर धीरे-धीरे बढ़ रही है। भारत के रुपे पेमेंट सिस्टम को सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मान्यता मिल गई है। इन दोनों देशों में अब रुपे कार्ड के जरिए भुगतान किया जा सकेगा। अन्य देशों में भी स्वीकार्यता के लिए भारत सरकार लगातार बातचीत कर रही है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका में ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन द्वारा आयोजित एक सभा में यह बात कही। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बयान में बताया कि इससे पहले वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका पहुंचने पर सबसे पहले अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन के साथ मुलाकात की और वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और आर्थिक स्थिति पर चर्चा की। अमेरिका पहुंचने पर सीतारमण ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मकसद रोजगार पैदा करना है, दुनिया से अलग-थलग करना या संरक्षण देना नहीं। इसके साथ ही उन्होंने भारत में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण बढ़ाने को लेकर भी बात कही।

## पिछले नौ महीने में पाक ने 191 ड्रोन के जरिए घुसपैठ की कोशिश

**नई दिल्लीः** पिछले नौ महीनों में सुरक्षा बलों ने पड़ोसी देश पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में 191 ड्रोन ने अवैध प्रवेश की कोशिश की है। इससे देश में आंतरिक सुरक्षा के मामले में बड़ी चिंता सामने आई है। केंद्र सरकार ने हाल ही में पाकिस्तान की ओर से इस तरह के अवैध प्रयासों को बनाए रखने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों से इनपुट साझा किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 191 ड्रोनों में से 171 पंजाब सेक्टर के साथ भारत-पाकिस्तान सीमा के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में घुसे, जबकि 20 को जम्मू सेक्टर में देखा गया। एएनआई द्वारा एक्सेस किए गए एक दस्तावेज के मुताबिक, भारत-पाक सीमा में यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) 1 जनवरी 2022 से 30 सितंबर 2022 के बीच पंजाब और जम्मू सीमा में देखा गया। दस्तावेजों से आगे पता चलता है कि इनमें से अधिकांश ड्रोन या यूएवी भागने में सफल रहे, जबकि कुल सात को इस तरह की अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने मार गिराया। इस साल 1 जनवरी से 15 सितंबर के बीच मार गिराए गए सात ड्रोनों में पंजाब के अमृतसर, फिरोजपुर और अबोहर क्षेत्रों में देखे गए। पहला ड्रोन बीएसएफ ने 18 जनवरी को पंजाब के अमृतसर में हवेलियां बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) के पास मार गिराया था। बीएसएफ कर्मियों ने 13 फरवरी को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के तुरंत बाद एक और ड्रोन को फिर से मार गिराया। एक ड्रोन अमृतसर में भी देखा गया। बीएसएफ के जवानों ने 7 मार्च और 9 मार्च को फिरोजपुर के टीजे सिंह और अमृतसर के हवेलियन बीओपी में दो ड्रोन मार गिराए।



# भाजपा नेता बग्गा और कवि कुमार विश्वास पर दर्ज एफआईआर रद्द

**चंडीगढ़ः** पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को बड़ा झटका लगा है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने दिल्ली के भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा और मशहूर कवि कुमार विश्वास के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द कर दी है। बुधवार को हाईकोर्ट ने इस संबंध में फैसला सुनाया।बग्गा मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि यह ट्वीट पंजाब में आकर नहीं किए गए। वहीं उनके ट्वीट भड़काऊ नहीं हैं। राजनीतिक लोग जिस तरह एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करते हैं, इससे कोई उन्माद नहीं फैलता।

**कुमार पर रोपड़ में दर्ज हुआ था केसः** कुमार विश्वास पर रोपड़ में केस दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगाया गया कि कुमार ने अरविंद केजरीवाल को खालिस्तान समर्थक बताया। उनके इस बयान की वजह से पार्टी की छवि खराब हुई। केस दर्ज करवाने वाले का कहना था कि इसकी वजह से वह प्रचार करने गए तो उन्हें खालिस्तान समर्थक कहा गया। केस दर्ज होने के बाद पंजाब पुलिस कवि के गाजियाबाद स्थित घर भी पहुंची। उन्हें नोटिस भेज जांच में शामिल होने कहा था। जिसके खिलाफ कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका लगा दी।




**बग्गा को लेकर मचा था बवालः** दिल्ली भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा पर केजरीवाल को लेकर ट्वीट करने का केस दर्ज हुआ था। इसके बाद पंजाब पुलिस ने बग्गा को दिल्ली जाकर अरेस्ट कर लिया। इसके विरोध में बग्गा के परिवार ने दिल्ली में किडनैपिंग की शिकायत कर दी।

दिल्ली पुलिस ने पंजाब पुलिस पर अपहरण का केस भी दर्ज कर लिया। जिसके बाद बग्गा को ला रही पंजाब पुलिस को हरियाणा पुलिस ने कुरुक्षेत्र में रोक लिया। फिर दिल्ली पुलिस आकर बग्गा को वापस दिल्ली ले गई। इस मामले में बग्गा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी।

# गुलामी से बेहतर जेल की जिंदगीः संजय

**मुंबईः** पात्रा चॉल स्कैम में जेल बंद शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने 4 पन्नों की चिट्ठी अपनी मां को लिखी है। चिट्ठी में ईडी की रेड से लेकर सरकार गिराने तक का जिक्र किया गया है। राउत की यह चिट्ठी ऐसे वक्त में आई है, जब शिवसेना का पुराना सिंबल तीर-कमान फ्रीज कर दिया गया है।

राउत ने लिखा है- वीर शिवाजी दूसरों के घर में ही क्यों जन्म ले। शिवसेना को बचाने के लिए मुझे लड़ना ही होगा। मैं गुलामी की जिंदगी नहीं जी सकता था, इसलिए जेल की जिंदगी स्वीकार किया। अभी-अभी ईडी की रिमांड खत्म हुई, बाहर बैठकर पत्र लिख रहा हूं। ईडी के अधिकारी जब रेड के दौरान घर में घुसे, तब तुम बालासाहेब की तस्वीर के नीचे मजबूती से बैठी रही। मसाले, नमक और आटे समेत किचन के हर डिब्बे की अधिकारियों ने तलाशी ली, तब भी तुम कुछ नहीं बोली और चुप रही।



## खबर संक्षेप

### डेंगू से इलाज के दौरान छात्रा की मौत

**नैनी।** क्षेत्र के चक भटाई मोहल्ले में उन्नीस साल की एक छात्रा की डेंगू से इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जयकरण निषाद पेशे से रिक्शा चालक हैं। उनकी बेटी दुर्गा निषाद एमए की छात्रा थी। बताया जाता है उसे कई दिनों से बुखार की शिकायत थी।प्राइवेट अस्पताल से जब राहत नहीं मिली तो परिजनों ने उसे सोमवार को एसआरएन इलाज के लिए भर्ती किया।जहां मंगलवार की रात उसकी मृत्यु हो गई। इलाके में कई लोग बुखार से पीड़ित हैं जिनका प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा हैं।

### स्वच्छता अभियान चलाया गया

**नैनी।** प्रेरणा परमार्थ आश्रम अपने कई वर्षों से चले आ रहे सेवा प्रकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत सोमेश्वर नाथ महादेव , चक्र माधव,आदि वेणी माधव मंदिर ,शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर एवं आनंत विभूति महादेव मंदिर अरैल परिसर एवं परिसर के आस पास स्वच्छता अभियान करके उस स्थान को साफ सुथरा किया गया इस कार्यक्रम में आश्रम के सदस्यों ने पूर्ण रुप से सहयोग प्रदान कियास्वच्छता अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित सदस्यों में राज नारायण, मनीष ,विशाल, गौरव, राहुल, अभिषेक,रोहित ,अनिल,अमृतलाल आदि सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।

# डेंगू के नियंत्रण एवं उपचार के कार्रवाईयों को लेकर मण्डलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**मण्डलायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी कैम्प लगाकर ब्लड डोनेट कराये जाने के लिए कहा, नगर निगम को शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन फागिंग और साफ-सफाई की व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में डेंगू के नियंत्रण एवं उपचार की तैयारियों तथा की जा रही कार्रवाईयों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने ब्लड डोनेशन, प्लेटलेट्स की उपलब्धता एवं प्लेटलेट्स की प्रतिदिन की खपत तथा डेंगू के टेस्टिंग के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कलेक्टेªट में बनाये गये कंट्रोल रूम में प्रतिदिन सूचनाओं को एकत्रित करते हुए उसपर की जाने वाली कार्रवाईयों की प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि कंट्रोल रूम में यदि किसी व्यक्ति के द्वारा बुखार आने की सूचना उपलब्ध करायी जाये, तो तत्काल उसके जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मण्डलायुक्त ने यह भी जानकारी प्राप्त की कि डेंगू से पीड़ित मरीज में कितने प्लेटलेट्स होने पर उसको प्लेट्स चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि 20 हजार से कम प्लेट्स होने पर ही मरीज को प्लेट्स चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। मण्डलायुक्त ने प्लेट्स के बारे लोगो की जानकारी हेतु इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने यह भी जानकारी प्राप्त की कि कितने प्लेट्स जनपद में प्रतिदिन बन रहे है तथा कितने प्लेट्स की खपत है। इसके साथ ही साथ उन्होंने यह भी जानकारी प्राप्त की कितने लोगो के द्वारा ब्लड डोनेट किया जा रहा है। मण्डलायुक्त ने ब्लड डोनेशन हेतु लोगो को जागरूक कराये जाने के लिए भी कहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों, एनसीसी सहित अन्य संस्थाओं के युवाओं को ब्लड डोनेट करने हेतु जागरूक कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी कैम्प लगाकर ब्लड डोनेट कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ब्लड डोनेशन का नियमित अंतराल पर कैम्प लगाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने उपजिलाधिकारियों तथा खण्ड विकास अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्रों में भ्रमण कर साफ-सफाई तथा छिड़काव की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है तथा कहीं पर भी जल-जमाव न होने पाये, उन्होंने नगर निगम को शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन छिड़काव कराये जाने तथा साफ-सफाई कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने हॉस्पिटलों, स्कूलों, कचेहरी, बस स्टेशन, हाईकोर्ट तथा अन्य भीड़ वाले स्थानों पर विशेष रूप से छिड़काव एवं फागिंग कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने नालों में नियमित रूप से फागिंग कराये जाने के लिए कहा है साथ ही साथ यह भी कहा कि जहां पर भी फागिंग हो, वहां के पार्षद को अवश्य साथ रखें। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने जनपद में डेंगू नियंत्रण हेतु की गयी तैयारियों एवं की जा रही कार्रवाईयों के बारे में मण्डलायुक्त महोदय को विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी नानक शरण, स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के प्रधानाचार्य डॉ0 एस0पी0 सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त व जिलाधिकारी

# किसान गर्जना रैली को सफल बनाने में जुटे किसान नेता

**दिल्ली रामलीला मैदान में 12 दिसंबर को किसान भरेंगे हुंकार : भोला सिंह**



अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** किसानों के लिए लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य एवं अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ के बैनर तले आगामी 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर के किसान जुटेंगे और अपनी मांगों को लेकर सरकार से दो-दो हाथ करने की तैयारी में जुट गए हैं। जिसके क्रम में बुधवार को भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री जनपद प्रभारी कौशांबी भोला सिंह ने बैठक कर किसान गर्जना रैली की रणनीति बनाते हुए भारी संख्या में किसानों से पहुंचने का आह्वान किया है। जिला कौशांबी उत्तर प्रदेश की जनपदीय बैठक पीएल पटेल अस्पताल पूरामुफ्ती जनपद कौशांबी में भोला सिंह मुन्ना प्रांत मंत्री एवं जिला प्रभारी कौशांबी भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश काशी प्रांत के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बब्बू सिंह ने किया। संगठन का विस्तार व नीति के साथ संगठन के आगामी कार्यक्रमों के बारे में गहन विचार विमर्श किया गया। जिसमें विभिन्न बैठकों में मांगी गई सूचना एवं बैठकों में प्रतिभाग करने हेतु दिशा निर्देश प्रांत मंत्री द्वारा दिया गया। यह भी कहा गया कि किसान गर्जना की रैली 12 दिसंबर 2022 को रामलीला मैदान दिल्ली में सुनिश्चित है। बैठक में कहा गया कि सरकार वादाखिलाफी कर रही है। किसानों को लागत मूल्य के अनुसार फसलों के दाम नहीं मिल रहे हैं। किसानों को फ्री बिजली का वादा करके अब टालमटोल किया जा रहा है। जिससे किसान गर्जना रैली करने को मजबूर हुआ है। इस अवसर पर डॉ बब्बू सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ कौशांबी, अशफीर्लाल कुशवाहा जिला कोषाध्यक्ष व प्रवीण सिंह पटेल के आदि प्रमुख लोगों के साथ धीरज सागर जिला प्रचार प्रमुख प्रयागराज उपस्थित रहे।

### आरक्षण महापंचायत जनसभा रैली 16 अक्टूबर को

**सहसों।** आरक्षण महापंचायत जनसभा व रैली को लेकर प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के तत्वाधान में पार्टी कार्यालय सहसों बाजार में बुधवार को पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सचिव मौजी लाल बिंद ने बताया कि 16 अक्टूबर दिन रविवार को आरक्षण महापंचायत जनसभा एवं रैली चौधरी चरण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ी खजूरी राजातालाब वाराणसी में होना है। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद बिंद एवं विशिष्ट अतिथि मोहनलाल निषाद सम्मिलित होंगे। रैली में पार्टी कार्यकताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राकेश बिंद, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल, पूर्णवासी लाल बिंद, मोहनलाल बिंद, बीपी परवाना, मानसिंह बिंद, गिरधारी लाल सरोज, मदन चंद्र बिंद, ननकू बिंद, लखपत केवट सहित आदि उपस्थित रहे।



## राम कथा शुभारंभ के लिए महिलाओं ने निकाली विशाल कलश यात्रा

**करछना।** क्षेत्र के हर्रई ग्राम सभा में जन कल्याण हेतु सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा का आयोजन किया गया है । कथा के शुभारंभ प्रथम दिन बुधवार को पुरोहित विनोदानंद सरस्वती जी महाराज की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ भव्य एवं विशाल कलश सहित शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोगों ने डीजे के भक्ति संगीत के धुन पर थिरकते रहे। इस यात्रा में भक्तजनों की भारी भीड़ रही। वही कलश यात्रा में भक्तजन कलस के साथ महिलाओं की ओर से सुमांगलिक गीतों की प्रस्तुतियां भी होती रही। कलश यात्रा समूचे गांव सहित क्षेत्र में भ्रमण कराकर श्री राम कथा पंडाल पर पहुंची। कलश यात्रा के रथ पर विराजमान ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम हिमालय से पधारे विनोदानंद सरस्वती जी महाराज ने उपदेशीत करते हुए लोगों को बताया कि कलश यात्रा में जो भी नर- नारी सीकर करते हैं उन्हें अनेकों तीर्थों का पुण्य फल प्राप्त होता है। कथा के मुख्य स्रोता यजमान हरि शंकर पांडे,, विधायक जी,, एवं श्रीमती उषा देवी ने कथा व्यास सहित सभी आचार्य जनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कलश यात्रा के आयोजक आशीष पांडे व अजय पांडे ने सभी भक्त जनों के प्रति आभार जताया। जिस मौके पर त्रिवेणी प्रसाद पांडे, बद्री प्रसाद पांडे, रामजी मिश्रा, विष्णु तिवारी, महेंद्र तिवारी, सेठ तिवारी, छविनाथ तिवारी, बब्बू तिवारी, शालीकम आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधान संघ ने सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** धरती पुत्र और नेता जी के नाम से जाने जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को दी गयी सच्ची श्रद्धांजलि। आपको बताते चले कि सोमवार को लंबी बीमारी के बाद तीन बार रहे पूर्व मुख्यमंत्री व भारत के रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही देश मे फैली चारो तरफ शोक की लहर दौड़ पड़ी। देश के तमाम बड़े नेताओ का जमावड़ा उनके अंतिम दर्शन को लगने लगा।बुधवार को ब्लाक परिसर हंडिया में ग्राम प्रधान संघ के मण्डल अध्यक्ष पवन यादव के अगुवाई में श्रधांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौजूद संघ के पवन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री को श्रधांजलि देने के बाद वहा मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज नेता जी हमारे बीच नही रहे। लेकिन उनकी यादे हमेशा हम सब के बीच रहेगी। सच्ची श्रधांजलि तभी मानी जायेगी जब हम सब लोग नेता की के बताए रास्ते ओर चलेंगे। नेता जी हमेशा से राजनीति में दबे कुचले बेसहारो के लिए लड़ाई लड़ी और एक अच्छे समाजवाद का गठन किया। सहीद के घर पर सिर्फ उसके कपड़े ही जाते थे। लेकिन नेता जी मुलायम सिंह यादव ने सैनिको के शहीद होने और उनके पार्थिव शरीर को उनके घर पर सम्मान भेजने का कानून बनाया। शोक सभा मे प्रधान संघ अध्यक्ष जय प्रकाश, जय शंकर यादव, हिन्छ लाल बिन्द सुरेश यादव, सहित प्रधान मौजूद रहे

## मुलायम सिंह के निधन पर सपाइयों ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि



**रत्योरा।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 मुलायम सिंह के निधन पर बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय कोरांव में ओमप्रकाश कुशवाहा विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक हो चुकी महान आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे सोमदत्त सिंह पटेल जिला महासचिव एवं जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज व किसान नेता ललन सिंह पटेल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने संयुक्त रुप से उनके राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में प्रमोद मिश्र पयासी राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी छात्र सभा और पवन सिंघाल पटेल, विधानसभा महासचिव ने अपने अपने संबोधन में कहा कि नेता जी मुलायम सिंह यादव ने हमेशा छात्रों नौजवानों बेरोजगारों के अधिकारों के लिए संघर्षरत रहते हुए उनको मुख्यधारा से जोड़ने का हर संभव प्रयत्न किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेहताब खान नगर अध्यक्ष, दिनेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष, मंगल देव कोल, रामदेव निडर पूर्व प्रत्याशी, पुष्कर सिंह, शहादत अली, नौशाद अंसारी, यादवेंद्र अहीर, रोहणी प्रसाद पाल, आसनी यादव, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पेटल राजा के हास्य-अभिनय पर लोटपोट हुए दर्शक

**आदर्श बाल रामलीला कमेटी दगवाँ में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान धनुष-यज्ञ का आकर्षक आयोजन**



अखंड भारत संदेश

**बारा।** आदर्श बाल रामलीला कमेटी दगवाँ में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान धनुष-यज्ञ की रामलीला में हास्य-कवि अशोक बेशरम ने अपने हास्य अभिनय से दर्शकों को जी भर कर गुदगुदाया।उत्थान ग्रामोदय ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला के दौरान अध्यक्ष नीलेश शुक्ला और कवि सन्तोष शुक्ला समर्थ सहित कमेटी के सदस्यों ने पेटल राजा के रूप में अशोक बेशरम को मंच पर ही सम्मानित किया। इस दौरान धनुष यज्ञ की रामलीला में महाराज जनक द्वारा देश-देश के राजाओं को धनुष भंग का निमंत्रण देना, यज्ञस्थली में पधारे राजाओं द्वारा धनुष को न उठा पाना,जनक के मन में हुई वेदना को मुनि विश्वामित्र ने जानकर श्रीराम को धनुष भंग करने का आदेश देते हैं।मुनि विश्वामित्र का इशारा पाकर श्रीराम द्वारा धनुष तोड़ने और सीताजी से विवाह का प्रसङ्ग बहुत ही मार्मिक रहा। रावण-बाणासुर, साधु राजा-दुष्ट राजा,बन्दीजनों के अतिरिक्त लक्ष्मण, राम एवं विश्वामित्र की भूमिका दर्शकों द्वारा खूब सराही गई मंचन के दौरान रामप्रभाव तिवारी(व्यास जी),के अलावा कमेटी के सदस्य रामसिया तिवारी, रामसूरत तिवारी, दीपक शुक्ला, रविशंकर पाण्डेय,मनोज शुक्ला,संतोष शुक्ला ने दर्शकों का आभार जताया।

## रावण-वध पर वानर सेना ने किया जय-घोष



**नैनी।** क्षेत्र के छोटा चाका दुर्गा मैरिज मे श्रीराम रामलीला के सातवें दिन रामलीला के शुरूआत मे पहले आरती व पूजन हुआ। श्री राम जी के हाथो रावण वध हुआ उसके बाद श्री राम जी का राजभिषेक हुआ। राम लीला देख रहे लोगो ने जय श्री राम के नारे लगाए।रामलीला में राम-रावण के बीच निर्णायक युद्ध हुआ।राम- रावण युद्ध देखकर दर्शक आनंद एवं जोश से भर गए। अंत में राम ने रावण की नाभि में तीर मार कर उसके नाभि में स्थित अमृत को सुखा दिया और फिर रावण का अंत कर दिया।पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।इस मौके पर धर्मेंद यादव, लवकुश कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा,वैभव मिश्रा, राघू तिवारी, गंगाधर गुप्ता, अरुन शर्मा, बब्लू तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## लंका दहन की लीला देख रोमांचित हुए दर्शक



**प्रतापपुर।** क्षेत्र के भीमपुर बरेस्ता में श्रीराम लीला महामंडल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में लंका दहन लीला का मंचन किया गया कलाकारों के सजीव मंचन से उपस्थित दर्शकों रोमांचित हो उठे और पूरा पंडाल जय श्री राम उद्घोष से गूंज उठा।रामलीला के मंचन में दशार्या गया कि जब श्रीराम की सेना समुद्र किनारे पहुंचती है तो प्रभु श्रीराम हनुमान जी को रावण के लिए चेतावनी देने और सीता का हाल जानने के लिए भेजते हैं। अशोक वाटिका में हनुमान जी ने माता सीता से मिल श्रीराम का संदेश दिया।लीला में पात्र हनुमान राधेकृष्ण पांडेय, सुग्रीव अर्जुन सिंह, बालि कान्हा सिंह बघेल के अभिनय को विशेष रूप से सराहा गया।इस मौके पर संस्थापक देवेंद्र शर्मा व्यास पुष्पराज सिंह, महाप्रबंधक बब?ऊ सिंह, संरक्षक विनोद सिंह, महासचिव राम अभिलाष भारतीय, कोषाध्यक्ष गिरिजेश सिंह, सनी सिंह, अर्जुन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामसभा बरी में नारद मोह के मंचन के साथ शुरू हुई रामलीला



**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा ग्रामसभा बरी में श्री संकट मोचन रामलीला कमेटी के संरक्षक विमल कुमार पाण्डेय (मैनेजर जी) के नेतृत्व में श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ 11 अक्टूबर 2022 दिन मंगलवार समय रात्रि 8 बजे पंडित इंद्रमणि मिश्रा जजमान एडोवोकेट धीरेन्द्र मिश्रा के द्वारा भगवान गणेश जी व शिव जी की आराधना एंव पूजा अर्चना के साथ रामलीला का मंचन शुरू किया गया। पहले दिन नारद मोह लीला का मंचन किया गया। जब नारद जी को अपनी तपस्या का अभिमान हुवा। तब भगवान विष्णु जी ने उनके अभिमान को चूर करने के लिए माया रची और उन्हें बादर का रुप प्रदान किया। स्वयंवर में उनका उपहास हुवा जिससे क्रोध के अभिभूत हो भगवान विष्णु को श्राप दे देते हैं। रामलीला मंडली टीम रणजीत सिंह यादव (पंडित जी) के कलाकारों के द्वारा नारद मोह का सीन देखकर दर्शको ने तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेश कुमार पांडेय प्रतिनिधि(पूर्व विधायिका मेजा), रमाशंकर पांडेजी, शिवजी पाण्डेय वरिष्ठ भाजपा नेता, संजय पांडेय पूर्व प्रधान, विजय कुमार पांडेय,रमेश चन्द्र (गप्पू पाण्डेय), अवधेश पांडेय (मुन्ना), बच्चा पांडेय, डॉक्टर रमाशंकर पांडेय, कैलाश नाथ पांडेय पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, एडोवोक दिनेश पांडेय, श्रीमति रोहणी पांडेय, नीरज कुमार मिश्रा, एडोकेट यतीश चन्द्र मिश्रा, एडोकेट शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, एडोकेट धीरेन्द्र कुमार मिश्रा, एडोकेट बीरेंद्र कुमार मिश्रा, संजीव कुमार(विक्की मिश्रा कोटेदार, दीनानाथ मिश्रा, भुनेश्वर मिश्रा,अम्बुज मिश्रा, अरुण मिश्रा, प्रमोद कुमार(मुन्ना मिश्रा)पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रदीप कुमार मिश्रा (बी०पी०स्कूल,बरी), रज्जन मिश्रा, राकेश मिश्रा,कपूर पांडेय, आकाश पांडेय,रोहित पांडेय, सिद्धार्थ पांडेय,आदर्श पांडेय, प्रशांत पांडेय, निशांत पाण्डेय,दिव्यांशु पांडेय, शशांक मिश्रा, गोलू, अजय मिश्रा वकील, कल्लू भारतीय (पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य), धर्मेंद्र मिश्रा, राजू मिश्रा, त्रिलोक नाथ पांडेय, कैलाश पांडेय (जिला परिषद), शिवशंकर मिश्रा, अतुल मिश्रा, कमलेश यादव, जयशंकर (बबलू यादव) क्षेत्र पंचायत सदस्य, दयाशंकर विश्वकर्मा, सुनील शर्मा, सतीश शर्मा रामलीला सुरु होने से पहले बारिस भी हुई लेकिन दर्शको की आस्था इतनी थी कि रामलीला मैदान में भीड़ कम नही हुई।

## न्यूज झरोखा...

### पुलिस की गिरफ्त में आया लुटेरा, बाइक व तमंचा बरामद



**शंकरगढ़।** यमुनापार क्षेत्र से बुधवार को एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से आठ हजार रुपये नगद, एक बाइक, तमंचा और दो कारतूस बरामद हुआ है। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने की है। शंकरगढ़ थाने के एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भारत गैस एजेंसी के पास घटित हुई लूट का आरोपी लल्लन कुमार निषाद पुत्र भोलानाथ निषाद (निवासी बगा, बसवार, घूरपुर) को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी दरोगा संतोष कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ मौहरिया मोड़ के समीप से की है।एसओ ने बताया कि लुटेरे के पास से आठ हजार नगदी, घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल, एक आधार कार्ड, एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इसी क्रम में शंकरगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर गया प्रसाद यादव ने शांतिभंग की आशंका में धीरज गिहार पुत्र राम विशाल (जवाहरनगर, खागा,फतेहपुर) और राजेंद्र कोल पुत्र सीरू कोल (चिकान टोला, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया है।

### विधायक राजमणि कोल ने मृतक परिजनों को बंधाया ढाढ़स



**रत्योरा।** भाजपा विधायक राजमणि कोल ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र कोरांव के रत्योरा, लेडियारी व कोलसरा गांव में दिवंगत हुए लोगों के परिजनों के बीच पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। तथा मृतक आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। रत्योरा गांव के अजीत सिंह चौहान की मार्ग दुर्घटना में हुई मौत पर विधायक ने पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसी प्रकार लेडियारी बाजार एवं कोलसरा गांव के मृतक परिजनों के घर पहुंचकर विधायक राजमणि कोल ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक राजमणि ने मार्ग दुर्घटना में मृतक हुए परिजनों को दुर्घटना बीमा समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक के साथ प्रमुख से मंडल अध्यक्ष लेडियारी श्यामबाबू केसरी, अरविंद केसरी, विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ल समेत कई अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पेंटिंग के माध्यम से शिक्षिका ने दी श्रद्धांजलि



**प्रतापपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर प्रतापपुर की शिक्षिका केएल भास्कर द्वारा पेंटिंग बनाकर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। केएल भास्कर ने बताया कि कोरोना काल में जब हमने अपने देश की स्थिति को अपने पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित किया था तो मुलायम सिंह यादव जी ने हमारे पेंटिंग को शेयर किया था। उनके निधन पर ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिवार को सहनशक्ति प्रदान करें। इसी प्रकार मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक सभा का आयोजन आज बाबूपुर बेलों गांव में होगा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के निधन से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ में शोक व्याप्त है।वरिष्ठ सपा नेता एसबी यादव द्वारा 13 अक्टूबर को बाबूपुर बेलों गाँव मे एक शोकसभा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया है।

### मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित किया



**जंघई।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर बब्लू बजती ब्लॉक अध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रतापपुर एवं अन्य लोगों द्वारा शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया तथा मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर रामसमुझ यादव, प्रमोद यादव, रामनाथ पाल, रामाश्रय बिंद, शिव सूरत प्रजापति सेक्टर प्रभारी, विजय यादव, चंद्रभान यादव बूथ अध्यक्ष, सुभाष चंद्र यादव, विशाल यादव, राम मौर्य, सुरेश विश्वकर्मा, बंदर सरोज, महेंद्र सरोज, कमलेश यादव, नंद लाल यादव, संजय यादव, राजेश यादव, कल्लू प्रकाश, चंद यादव, पारसनाथ सरपंच आदि लोग मौजूद रहे।

### रामचरित मानस भारतीय संस्कृति व संस्कार का महान ग्रंथ



**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू गांव में रामलीला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव ने रामलीला को भारत की प्राचीन परंपरा बताते कहा कि रामचरित मानस समाज की मयार्दा, भारतीय संस्कृति व संस्कार का महान ग्रंथ है तथा रामलीला भारतीय समाज की संस्कारशाला है। ब्लॉक प्रमुख ने समाज के लोगो से प्रभु रामायण के आदर्श पात्रों के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज जंघई सुधीर कुमार पांडेय, लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, राजमणि मिश्रा, मातादीन उपाध्याय, रमेश तिवारी, अनिल पांडेय, संतोष पांडेय, कड़ेदीन उपाध्याय, मंगला उपाध्याय, उदयराज उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, कल्लू पांडेय, सुरेश मिश्रा, रामू मिश्रा, शिवमनि शुक्ला, परमिल दुबे, पवन उपाध्याय, मनीष तिवारी, राकी पांडेय, दीपक उपाध्याय, निखिल पांडेय, राजेश गौड़ बीडीसी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार को मातृ शोक,दी गई श्रद्धांजलि

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के हिंदी दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार अरुण अग्रवाल की माता संतोष देवी 83 का निधन बुधवार सुबह हो जाने से स्थानीय पत्रकारों सहित परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही उनके घर पत्रकार सहित क्षेत्र के संभ्रांत बुद्धिजीवी पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख शोक प्रकट किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र नाथ चौधरी, दया शंकर त्रिपाठी, राम नरेश यादव ,विजय चंद्र विश्वकर्मा, हरिओम प्रकाश,महमूद अहमद, शिव बाबू चौरसिया, शरद चौरसिया, वरिष्ठ सपा नेता नसीरुद्दीन राइन, कोमल कुमार चौरसिया सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में मार पीट कई घायल, क्रास केस दर्ज

**मऊआइमा।** मामूली बात को ले कर दो पक्षो में जम हुई मार पीट में कई घायल हुए है।पुलिस ने दोनों पक्षो की तहरीर पर सात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर निवासनीय साहिब बेगम पत्नी निशार अहमद का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसे और परिवार के इलियास बेगम ,जरीना बेगम ,मोहम्मद आसिफ को मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दी। साहिब बेगम ने मऊआइमा थाने में मुख्तार और इम्तियाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर दूसरे पक्ष की हसीना बेगम पत्नी मुख्तार अहमद का आरोप है कि उसके विरोधी घर में घुस कर मारे पीटे। हसीना बेगम ने मऊआइमा थाने में मुमताज अहमद, मोहम्मद आसिफ ,मोहम्मद नाजिम ,सलमा बेगम ,शाहिन बेगम के खिलाफ केस दर्ज.करा दी है ।

### पुलिस से की गई रंगदारी की शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के एक व्यक्ति ने कतिपय लोगों पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए।मऊआइमा थाने में तहरीर दी पुलिस तहरीर ले कर प्रकरण की जांच कर रही है। मालूम हो कि मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला हाजियाना निवासी मोहम्मद महबूब पुत्र मोहम्मद मियां का आरोप है कि क्षेत्र के दबंग भूमाफियाओ द्वारा उसकी जमीन पर कब्जा करके अब उससे खाली कराने के नाम पर डरा धमका कर दस लाख रुपया रंगदारी मांग रहे हैं। मोहम्मद महबूब ने मऊआइमा थाने में कतिपय लोगों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर लेकर प्रकरण की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### नैनी के बंदियों की टीम से ऑस्ट्रेलिया से शतरंज खेलेगी केंद्रीय कारागार

**नैनी।** विशव चेस फेडरेशन द्वाराअंतरमहाद्वीपीय जेल शतरंज टूनार्मेंट का आयोजन बुधवार से होगा इसमें विभिन्न देशों की 85 टीमें ऑनलाइन प्रतिभाग करेंगे पहले चरण में भारत के विभिन्न राज्यों की 20 टीमों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी किया इसमें केंद्रीय कारागार नैनी एवं केंद्रीय कारागार पुणे की टीम को भारत की ओर से चयनित किया गया है बुधवार व बृहस्पतिवार को दोनों टीमें आस्ट्रेलिया व एशिया की विभिन्न टीमों के ऑनलाइन मुकाबला करेगी केंद्रीय कारागार नैनी से बंदी राजेश गौड़ अकील अहमद नितेश कुमार मो, उमर सच्चिदानंद चंद्र मोहन धर्मराज यादव व शालू सोनकर प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे इस प्रतियोगिता की मौत को देखते हुए वर्ष 2021 के ध्यानचंद पुरस्कार विजेता एवं अंतर्राष्ट्रीय ग्रैड मास्टर अभिजीत कुंटे ने सोमवार व मंगलवार को कारागार आकर इन बंदियों को शतरंज का प्रशिक्षण दिया बंदियों का मनोबल बढ़ाने के लिए इंडियन आयल के प्रभारी उप प्रबंधक बीजी जोग लेकर भी मौजूद रहे।

# खून की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## 12 गिरफ्तार, 128 यूनिट खून बरामद

अखंड भारत संदेश



खून की तस्करी का भण्डाफोड़ करते पुलिस अधिकारी व पकड़े गये अभियुक्त

**प्रयागराज।** अवैध तरीके से खून निकालकर तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 12 लोग बुधवार को गिरफ्तार कर लिए गए। जार्जटाउन पुलिस ने उनके कब्जे से 128 यूनिट खून, बेली अस्पताल के ब्लड बैंक की आठ जाली रसीद समेत अन्य सामान बरामद किया है। सभी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने सबसे पहले सरगना शान मोहम्मद उर्फ शानू को उसके अल्लापुर स्थित किराये के आवास से गिरफ्तार किया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर एक-एक कर 11 अन्य साथियों को पकड़ा। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वह खून की तस्करी करते हैं। सरगना ने पूछताछ में बताया कि वह गरीब, नशेड़ी व अन्य जरूरतमंदों को एक हजार-1500 रुपये का लालच देकर खून निकलवाते हैं। इसके बाद बेली अस्पताल के ब्लड बैंक की फर्जी स्लिप चस्पा कर इसे तीमारदारों-मरीजों को सात से 10 हजार रुपये में बेच देते थे। उनके कब्जे से जेस्ट कार बरामद हुई है। इसी कार में खून निकलवाया जाता था।

**कीडगंज में छपवाते थे स्लिप :** सरगना ने बताया कि बेली अस्पताल, ब्लड बैंक की फर्जी स्लिप लगी होने के चलते ब्लड बैग पर तीमारदार व डॉक्टर शक नहीं करते थे। यह स्लिप वह गिरोह के सदस्य अनिल कुमार मिश्रा के बाई का बाग स्थित प्रिंटिंग प्रेस में छपवाते थे। 11 में से कुछ सदस्य डोनर का इंतजाम करते थे और बाकी उन तीमारदारों को ढूंढ़ते थे, जिन्हें खून की जरूरत होती थी।

**आगरा से मंगवाए जाते थे ब्लड बैग :** पुलिस अफसरों ने बताया कि खून की तस्करी के खेल के लिए ब्लड बैग आगरा से मंगवाए जाते थे। दरअसल गिरोह का एक सदस्य दिनकर पहले झूंसी में मेडिकल उपकरणों की दुकान चलाता था। उसकी दुकान में ही शानू काम करता था। बाद में शानू खून की तस्करी करने लगा तो दिनकर भी इसमें शामिल हो गया। वह सरगना को 1500 में मिलने वाले ब्लड बैग को आगरा से मंगवाकर आठ हजार में उपलब्ध कराता था। पुलिस ने यह भी बताया कि नियमतः ब्लड बैंक को ही ब्लड बैग दिए जाने चाहिए। लेकिन दिनकर अपने पुराने संपर्क के जरिए इसकी व्यवस्था कर लेता था।

### ये लोग हुए गिरफ्तार...

गिरफ्तार आरोपियों में शान मोहम्मद उर्फ सोनू पुत्र फिरोज अहमद थाना झूंसी जो किराए का कमरा लेकर अल्लापुर में रहता है यह इस मास्टरमाइंड का सरगना भी है तथा मोहम्मद इमरान उम्र 21 वर्ष पुत्र फिरोजाबाद थाना झूसी प्रयागराज, हनीफ उर्फ फिरोज उम्र 28 वर्ष पुत्र बेचू उर्फ सलमान निवासी जिला महाराजगंज, संदीप कुमार उर्फ दीप उम्र 26 वर्ष पुत्र लल्लन राम निषाद, महेवा थाना नैनी प्रयागराज, दिनकर त्रिपाठी उम्र 47 वर्ष पुत्र राम लखन त्रिपाठी लखेश्वर शाहपुर थाना सिकरारा जौनपुर,
प्रभाकर पटेल उम्र 20 वर्ष पुत्र शिव कुमार पटेल निवासी मुस्तफाबाद थाना सराय इनायत प्रयागराज, रजनीश कुमार पुत्र रामकिशन यादव गद्दोपुर थाना महराजगंज जौनपुर, आशीष यादव उम्र 21 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम कुमार यादव निवासी सोरांव प्रयागराज, विमलेश यादव पुत्र भैया राम यादव निवासी रामदास पट्टी बिहार थाना कुंडा प्रतापगढ़, सचिन यादव पुत्र रामकेश यादव निवासी देवरिया थाना कप्तानगंज आजमगढ़, विशाल पाठक उम्र 22 वर्ष पुत्र सुनील पाठक निवासी ग्राम देवरिया थाना आजमगढ़, अनिल कुमार मिश्रा पुत्र संगम लाल मिश्रा किडगंज प्रयागराज इन सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।

# गुड्स ट्रेन के कोच में लगी आग मचा हड़कंप



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के मेजा रोड रेलवे स्टेशन पर गुड्स ट्रेन के दो कोचों में आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार छिवकी के रास्ते पंडित दीनदयाल की तरफ कोयला लेकर जा रही गुड्स ट्रेन मेजारोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर सुबह 3:00 बजे के आसपास खड़ी हुई थी। तकरीबन 5:00 बजे खंभा नंबर 786/1010, 786/1012 के बीच धुंआ उठता दिखाई दिया।ड्यूटी में तैनात रहे स्टेशन मास्टर सुनील कुमार ने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को देते हुए फायर ब्रिगेड को दिया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मी कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।इस दौरान ओची डिपार्टमेंट से विजय मिश्रा, आरपीएफ कांस्टेबल विपिन कुमार, प्रवीण गुज्जर, पोर्टर संजय शर्मा, इम्तियाज अहमद,फायर बिग्रेड प्रभारी सिया शरण सिंह, फायरमैन देवेंद्र, फायरमैन गंगाराम यादव, चंद्रशेखर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# जूनियर मंडलीय वॉलीबाल टीम घोषित

अखंड भारत संदेश

## टीम राज्य स्तरीय बालक व बालिका जूनियर स्टेट वॉलीबाल चैम्पियनशिप में करेंगी प्रतिभाग



**मेजा।** स्थानीय अभिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स म्योहॉल के वॉलीबाल खेल मैदान पर खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला क्रीड़ा संघ के समन्वय से आयोजित मण्डलीय जूनियर वॉलीबाल चयन /ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न हुई। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आरपी शुक्ला के अनुसार चयन समिति के सदस्यों में प्रभात राय, आशीष कन्नौजिया, क्रीड़ाधिकारी संदीप गुप्ता, मुकेश शुक्ला की उपस्थिति में जूनियर बालक व बालिका टीम का चयन किया गया। चयनित प्रयागराज मंडल की टीम इस प्रकार से है । जूनियर बालक वर्ग पारितोष रॉय, किशन मौर्य, विजय कुमार पांडेय, शिवम रॉय, सुनील कुमार यादव, पुण्य प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, अनीश सिंह, प्रभात सिंह, राहुल कुमार, नीतिन पाल व सुब्रत राय। आरक्षित खिलाड़ी - अमन सिंह व अवनीश यादव। टीम कोच / मैनेजर - संजय कुमार राय वही बालिका वर्ग में श्रेया त्रिपाठी, जया गुप्ता, तेजस्वनी शुक्ला, दिव्या, श्रेया यादव, साक्षी कुमारी, निशिका मिश्रा, टिना सागर, खुशी ओझा, काजल, जिया व शिवानी। टीम मैनेजर/कोच - संतोष कुमार। चयनित जूनियर बालिका टीम के खिलाड़ी 17 से 20 अक्टूबर 2022 तक उरई,जालौन तथा बालक वर्ग की टीम के खिलाड़ी 18 से 21 अक्टूबर 2022 तक आयोध्या जनपद में आयोजित जूनियर स्टेट वॉलीबाल चैम्पियन शिप में प्रयागराज मंडल की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### गोवंश हत्या के विरोध में एडीजी जोन को दिया ज्ञापन

**सहसों।** विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग काशी प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने एडीजी जोन एवं एसएसपी प्रयागराज को गौ तस्करी व अपराधियों के खिलाफ 18 सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिसमें आरोपित मामला थाना थरवई द्वारा हाईकोर्ट के बिल खारिज होने पर भी आरोपी असद अली व मुमताज अली को पुलिस द्वारा पैसा लेकर बचाया गया एवं उन्हें संरक्षण देकर आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया एवं थाना सराय इनायत, नवाबगंज, हंडिया, फूलपुर, होलागढ़, मऊआइमा, सोरांव में गौ हत्या करने वालों का अपराध किसी भी तरह क्षम्य नहीं होगा। विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग के कार्यकताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। तथा जिला प्रशासन को बताया गया आगर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन देकर गौ माता की हत्या पर रोक एवं कसाईयों को जेल भेजवाने का काम होगा। इस मौके इस विष्णु दूबे स्वामी जी, विजय पांडे, आदित्य त्रिपाठी , कल्लू , संतोष तिवारी, राजेन्द्र, योगेश, प्रमोद, विनय पांडे, चंद्र शेखर, ओमप्रकाश, लक्ष्मण, आशुतोष, पुणेंदू त्रिपाठी, दीपक दूबे सहित आदि मौजूद रहे।

# करवा चौथ की पूर्व संध्या बाजारों में रही महिलाओं की भीड़



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** करवा चौथ की पूर्व संध्या झूंसी, हनुमानगंज के प्रमुख बाजारों में महिला खरीदारों की भारी भीड़ रही। महिलाये व लड़किया करावा चौथ का समान खरीदती नजर आई तो वही मेंहदी लगाने वालों कलाकरो की भी चाँदी रही। दो दिनों से स्थानीय बाजारों में रौनक बढ़ गई थी खास कर महिला व लड़कियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। जिसे देखकर दुकानदारों के चेहरे खिल उठे थे। महिलाये करावा चौथ ब्रत के लिए पूजा के समान की खरीदारी के साथ कपड़े, ज्वेलरी, गिफ्ट की खरीदारी करती देखी गई। बुधवार की शाम खास कर मेंहदी कलाकरो व पार्लर में सब से ज्यादा भीड़ रही। कुछ महिलाओं ने करवा चौथ की पूर्व संध्या के लिए पार्लर मेहंदी की पहले से ही बुकिंग करा रखी थी। खरीदारों की भीड़ की वजह से रात तक बाजार गुलजार रहे। करवा चौथ की वजह से बाजारों में आई बहार से दुकानदारों के चेहरे खुसी से खिल उठे थे। अनवर मार्केट स्थित तौहीद कलेक्शन के मालिक तौहीद ने बताया कि फैंसी साड़ियों की बिक्री ज्यादा हुई। शालू ज्वेलर्स के मालिक रवि ने बताया कि महिलाओं ने कान की बाली, अंगूठी, बिछिया, पुल्ली की सबसे ज्यादा खरीदारी की।



### करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में व्रती महिलाओं की रही भीड़

**सहसों।** करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। और रात को चंद्र दर्शन के बाद अपने पति का चेहरा देखकर पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत को पूरा करती हैं। इस व्रत में महिलाएं सामूहिक रूप से दोपहर के समय करवा चौथ की कथा सुनती है। और शाम को चौथ माता, भगवान शिव, माता पार्वती और कार्तिकेय की विधि विधान से पूजन करती हैं। करवा चौथ व्रत के लिए पूजन सामग्री खरीदने के लिए करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बुधवार को बाजारों में व्रती महिलाओं की पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीददारी के लिए दिनभर भीड़ लगी रही। व्रती महिलाएं पूजन के लिए पूजन सामग्रियों मिट्टी का करवा, सरई सीकी, चलनी, भगवान शिव पार्वती एवं कार्तिकेय की फोटो इत्यादि पूजन सामग्री खरीदने के लिए बाजार में व्रती महिलाओं की दुकानों पर भीड़ लग रही। इसी तरह सहसों बाजार सहित क्षेत्र के चिरौड़ा, रामनगर, चंदौहां, तकिया चोराहा आदि बाजारों में करवा चौथ को लेकर व्रती महिलाओं की प्रसादी एवं माला फूल की दुकानों पर खरीदारी के लिए दिनभर भीड़ लगी रही।

### करवा चौथ : हिन्दू संस्कृति में विशेष महत्व

**लालापुर।** करवा चौथ व्रत का हिन्दू संस्कृति में विशेष महत्त्व है। करवा चौथ पर इस वर्ष सिद्धि योग रहेगा। यह योग मंगलदायक कार्यों में सफलता प्रदान करता है। साथ ही चंद्रमा शाम 06:40 के बाद पूरे समय रोहिणी नक्षत्र में रहेगा। इस नक्षत्र में चंद्रमा का पूजन करना बेहद ही शुभ माना जाता है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार इस समय शनि, बुध और गुरु अपनी स्वराशि में स्थित हैं। सूर्य और बुध भी एक साथ विराजमान हैं। जिससे बुधादित्य योग का भी निर्माण हो रहा है। वहीं लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण भी हो रहा है। इस योग के बनने से पति-पत्नी का आपसी संबंध और विश्वास मजबूत होगा। इस दिन चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में रहेंगे।

**पूजा एवं चन्द्र को अर्घ्य देने का मुहूर्त :** कार्तिक कृष्ण चतुर्थी (करवाचौथ) 13 अक्टूबर को करवा चौथ पूजा मुहूर्त- सायं 05:47 से 07:01 बजे तक। चंद्रोदय- 20:02 मिनट पर। 13 घंटे 44 मिनट का समय व्रत के लिए है। ऐसे में महिलाओं को सुबह 6 बजकर 17 मिनट से शाम 08 बजकर 02 मिनट तक करवा चौथ का व्रत रखना होगा। करवा चौथ के दिन चन्द्र को अर्घ्य देने का समय रात्रि 8:11 बजे से 8:55 तक है। करवाचौथ के दिन भारत के कुछ प्रमुख नगरों का चंद्रोदय समय प्रयागराज- 07 बजकर 57 मिनट पर प्रयागराज शहरों के लगभग 200 किलोमीटर के आसपास तक चंद्रोदय के समय मे 1 से 3 मिनट का अंतर आ सकता है।



## धर्मेंद्र पहलवान बने हरीपुर मिश्रपुर अखाड़ा के चैंपियन

**धनूपुर।** हरीपुर मिश्रपुर गांव में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्जनों महिला पुरुष पहलवानों ने अपने किस्मत को अजमाया। दंगल चैंपियन डीएलडब्ल्यू बनारस के धर्मेंद्र पहलवान बने उन्होंने मुख्य मुकाबले में गोरखपुर के अरविंद पहलवान को हराकर प्रथम विजेता बने। वहीं महिलाओं की प्रतियोगिता में गोरखपुर की सरिता ने कानपुर की खुशी को पराजित करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। चैंपियन बने धर्मेंद्र को और पुरस्कार के रुप में ग्यारह हजार का नगद इनाम मिला।विराट दंगल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा नेता अवधेश तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया दंगल का संचालन छविनाथ त्रिपाठी तथा मैच रेफरी का कार्य करुणाकर तिवारी एवं पवन तिवारी द्वारा किया गया प्रधान सौरभ तिवारी ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।विराट दंगल प्रतियोगिता में कुल 50 पहलवानों ने अपना प्रदर्शन दिखाया।इस अवसर पर बालकृष्ण तिवारी पूर्व प्रधान, इंजीनियर ओम त्रिपाठी, ज्ञान तिवारी, दुर्गा प्रसाद तिवारी, पिटारा, धीरज, कलेक्टर, पंकज, सूरज, सुमित, कुलदीप, विनय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मोहन भागवत के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के मेजा रोड बाजार में मोहन भागवत के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। देर रात से ही बाजारों से अतिक्रमण हटाने को थाना पुलिस मुस्तैद दिखी। बुधवार शाम जैसे जैसे आगमन का समय नजदीक आता रहा प्रशासन बाजारों से अतिक्रमण हटाने को लेकर भ्रमण शील रहा। इस दौरान एसएसपी प्रयागराज शैलेश पांडे खुद मौका मुआयना कर बाजारों की स्थिति को देखते हुए पुलिस कर्मियों को ब्रिफिंग करते नजर। यहां तक की बाजार वासियों को पुलिस कर्मियों के द्वारा दुकानें बंद करने की हिदायत दी गई। जैसे ही भागवत का काफिला मेजारोड बाजार से निकला पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# भर दे झोली मेरी या मोहम्मद लौट कर मैं न जाऊंगा खाली...

अखंड भारत संदेश

### भुलई शाह की मजार पर कौव्वालों ने बांधा समां, इफको चौकी इंचार्ज के साथ ही अन्य पुलिस कर्मियों को मेला कमेटी ने दिया धन्यवाद



मुली शाह की मजार पर कौव्वाली पेश करते कलाकार

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव में 148 वर्षो से आयोजित हो रहे सूफी संत चिस्ती हजरत मौलाना सैयद शाह सिकन्दर अली रहमतुल्लाह अलय की मजार पर उर्स मेले में अकीदतमंदों ने अपने मन की मुरादे मांगते हुए मंगलवार को चादर चढाई। बुधवार को शाम से ही बाद नमाज असर गुस्ल का कार्यक्रम के बाद सज्जादा नसीन सैयद हाफिज सदरूल हसन के दरवाजे से हजारों की तादात में आये अकीदतमंदो ने फतीहा पढते हुए बाबा की मजार पर रात्रि बारह बजे चादरपोशी की। बुधवार सुबह फजर नमाज बाद कुरानखानी व दोपहर महफिल शमा कौव्वाली के बाद कुलशरीफ का फतीहा हुआ। भुलई शाह की मजार पर चादरपोशी गागर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मेले में कौवाल द्वारा 'भर दे झोली मेरी या मोहम्मद' व मन कुन्तो मौला ने खूब समा बांधा। मेले में आए सभी श्रद्धालु व प्रशासन के प्रति मेला कमेटी ने आभार व्यक्त किया। मेले के कुशल समापन हेतु इफको चौकी इंचार्ज पंकज भास्कर पुलिस कर्मियों के साथ मुस्तैदी से डटे रहे। मौके पर मेला कमेटी के कमलेश कुमार यादव, विजय चन्द्र विश्वकर्मा, मो शकील,अख्तर मसूद, मुजम्मिल हसन, मो.अरफान, मारूफ अख्तर, मो. आफताब, हजरत अल्लामा, मौलाना सैय्यद अशशाह, सैबुल हसन किबला, नायब, साहिबे सज्जादा, खान्काहे, आलिया सिकंदरिया आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### इनक्यूबेशन हब का एकेटीयू वीसी ने किया उद्घाटन



**नैनी।** भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम स्टार्टअप्स इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यूआईटी कॉलेज में बुधवार को नवनिर्मित इनक्यूबेशन सेंटर 'यूनाइटेड इनक्यूबेशन हब' का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू), लखनऊ के कुलपति (वीसी) प्रो प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा फीता काट कर समारोह का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि ने यूनाइटेड ऑडिटोरियम में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में इनक्यूबेशन सेंटर अहम भूमिका निभा रहा है। यूनाइटेड के इस प्रयास से प्रयागराज और उसके आसपास के क्षेत्र के उन युवाओं को सुविधा मिल सकेगी जो अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं।इस अवसर पर यूनाइटेड ग्रूप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स (यूजीआई) के प्रेसिडेंट एवं यूनाइटेड यूनिवर्सिटी, प्रयागराज के डॉ जगदीश गुलाटी, वाइस चेयरमेन सतपाल गुलाटी, यूआईटी के प्राचार्य प्रो. संजय श्रीवास्तव, सेंटर हेड अमिताभ श्रीवास्तव, हब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शिवेश गौर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। डॉ जगदीश गुलाटी ने एकेटीयू, के कुलपति का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया एवं कैंपस में आने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसान का बेटा पहले ही प्रयास में बना जज, बिहार पीसीएस जे में हुआ चयन



**झूंसी।** गाँव की माटी में खेलकूद पला बढ़ा किसान का बेटा पहले ही प्रयास में बिहार पीसीएस जे की परीक्षा उत्तीर्ण कर गुदड़ी में लाल की की कहावत को चरितार्थ कर दिया । जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड बहादुरपुर गाँव के दलापुर निवासी वरुणेन्द्र मिश्रा पुश्तैनी किसान है जो अपने पिता राधेश्याम मिश्रा के खेतीबारी में सहयोग करते हैं । वरुणेन्द्र के पुत्र देवेश मिश्रा गाँव के ही परिवेश में पले बढ़े है और गाँव के ही विद्यालयों में अपनी शिक्षा दीक्षा प्रारंभ की । अपने पहले ही प्रयास में देवेश बिहार पीसीएस जे की परीक्षा उत्तीर्ण कर जज बन गयें। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एल एल एम करने के बाद देवेश पीसीएस जे परीक्षा की तैयारी में जुट गये थे. देवेश के गाँव दलापुर में रिजल्ट आने के बाद वधाई देने वालों का सिलसिला जारी हो गया जो शाम तक जश्न में तब्दील हो गया।

### नहीं मिल पा रही विजली पावर हॉउस पर नारेबाजी



**लालापुर।** क्षेत्र के चकसुचेर गाँव का का ट्रांसफार्मर आएदिन जल जा रहा है जिसकी वजह से कनेक्शन धारी उपभोक्ता को विजली नहीं मिल पा रही है जिसको लेकर भटपुरा चाकसूचेर गाँव के उपभोक्ता बुधवार को लालापुर पावर हॉउस में घेराव कर के नारे बाजी किये कहाँ की कटिया मर के ऐसी हीटर चलाते है जिसकी वजह से हम सभी को लाईट लो मिलती है और आये दिन 63'५ का ट्रांसफार्मर जल जाता है गरीब उपभोक्ता को आये दिन आधेरे में रहने पर विवश रहते है जिसको लेकर छेदी उपाध्याय ने बताया की दूरभाष के माध्यम से जेई को सुचना दिया और अपनी शिकायत बताये जेई अभय पाठक ने बतया की अभी चाकसूचेर का 63'५ का छमता बड़ा के 100'५ का प्रस्ताव भेज दिया हु और ऐसी हीटर को लेकर विलियन्स टीम को सुचना दिया गया विजली चोरी करने वालों पर कारवाही की जाएगी।

# कृषक संगोष्ठी में किसानों को दी गई पैदावार बढाऩे की जानकारी

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** बुधवार को कृषक संगोष्ठी का आयोजन नारीबारी के मां गंगा-यमुना गार्डेन में किया गया। संगोष्ठी में किसानों को आधुनिक खेती के साथ पैदावार बढ़ाने के लिए कब कैसे बीज-खाद-पानी-दवा का उपयोग किया जाय उसकी जानकारी अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा दी गई। अवध ट्रेडर्ष के अबध बिहारी सिंह द्वारा आयोजित कृषक संगोष्ठी में दयाल ग्रुप के अधिकारी एएसएम अजय पांडेय,एएसओ विवेक कुमार सिंह एवं विशेषज्ञों द्वारा किसानो को कब कैसे कितना बीज-खाद-पानी-दवा का कब कैसे उपयोग करें जिससे किसानो की पैदावार और आय दो गुनी हो सके इसके बारें मे सम्पूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही दयाल ग्रुप द्वारा असली खाद-बीज के पहचान के जानकारी उपलब्ध कराते हुए किसानो से संवाद स्थापित कर उनके प्रश्नों का उत्तर देकर समाधान बताते हुए कहा पौधो में बीज,मिट्टी और हवा के माध्यम से रोग लगते है।अगर किसान भूमि शोधन, बीज शोधन करते हुए हवा के माध्यम से आए कीटाणुओ को स्प्रे के माध्यम से समाप्त करेगें तो फसल अच्छी पैदा होगी। किसानो को असंतुलित खाद का प्रयोग नही करना चाहिए। अवध विहारी सिंह एवं सिंह खाद-बीज भंडार ने भारी सख्यां मे उपस्थित किसानो एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किसान रघुवर दयाल सिंह, जगत नारायण चतुर्वेदी, प्रधान मवैया संतोष सिंह, अनन्दे सिंह, अभयराज सिंह, अमर बहादुर सिंह,दया शंकर द्विवेदी, सरदार सिंह,राजाराम चतुर्वेदी, राजेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान सतपुरा प्रदीप मिश्र, बारा विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय,धीरेन्द्र मिश्र, संजीव पांडेय आदि लोग रहे।

### सगाई के बाद दहेज की मांग न पूरी होने पर शादी से इंकार

**मऊआइमा।** सगाई के बाद दहेज में पांच लाख की मांग की गई। मांग न पूरी होने पर शादी से इंकार कर दिया गया। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सत्ती कहली निवासी राम खेलावन पटेल पुत्र राम बहादुर का कहना है कि उसने अपनी पुत्री की शादी मऊआइमा के देवारा निवासी राज कुमार से तय की थी तथा सगाई भी किया था। ।जब शादी की तिथि रखने गए तो वर पक्ष के लोग दहेज में पांच लाख की मांग करने लगे मांग न पूरी होने पर शादी करने से इंकार कर दिए । राम खेलावन ने। मऊआइमा थाने में वर पक्ष के राजकुमार ,जिया लाल ,भवानी ,अमरनाथ ,जिया लाल की पत्नी नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## एसडीएम और आपूर्ति अधिकारी की कार्यवाही से कोटेदारों में हड़कंप

### ग्राम पंचायत अल्हवा का कोटा निलंबित, कई कोटेदार कार्रवाई के रडार पर

**कोरांव।** तहसील कोरांव के सैकड़ों उचित दर विक्रेताओं में उप जिलाधिकारी कोरांव तथा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। उन्हें डर है कि हम लोगों के भी खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि तहसील कोरांव में काफी दिनों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कोटेदारों द्वारा कार्ड धारकों के साथ अन्याय किए जाने तथा हेराफेरी कर सरकार के नियमों की अवहेलना किए जाने की निरतर शिकायत मिल रही थी, जिस पर शिकायत उपरांत उपजिलाधिकारी योगेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी संजय कुमार विश्वकर्मा ने शिकायतों पर कार्रवाई शुरू की।जिस पर कई कोटेदार उक्त अधिकारियों के कार्यवाही हेतु रडार पर देखे जा रहे हैं। ज्ञात हो कि अभी 3 दिन पूर्व ग्राम पंचायत अल्हवा के कोटेदार लाल बहादुर पाल के विरुद्ध गंभीर आरोप पर एमडीएम एवं राशन कार्ड धारकों के साथ खाद्दान में हेराफेरी किए जाने की जांच उप जिलाधिकारी के आदेश पर खंड विकास अधिकारी कोरांव एवं आपूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा गांव में जाकर जांच की गई, और शिकायत की पुष्टि हों जाने पर कोटेदार के विरुद्ध टीम ने आख्या प्रस्तुत की, जिस पर श्री सिंह एसडीएम कोरांव ने कोटेदार अल्हवा को आरोप पत्र देकर स्पष्टीकरण तलब किया।किंतु कोटेदार स्पष्टीकरण देने में असमर्थ रहा, तदुनसार अल्हवा का कोटा निलंबित कर दिया गया। और गांव जमुआ घूस की दुकान में संबंध कर दिया गया । उप जिलाधिकारी एवं आपूर्ति निरीक्षक कोरांव के अनुसार कई कोटेदार गंभीर अनिमियत्ता के आरोपी हैं, जिनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। और तत पश्चात भ्रष्ट दुकानदारों को निरस्त कर दिया जाएगा। और आवश्यक खाद्य वस्तु अधिनियम के तहत प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।जिससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली सरकार की मंशा के अनुसार लोगों को उपलब्ध हो सके।

# संडवा चंद्रिका विकासखंड में जल्द ही बनेगा मिनी स्टेडियम

## सदर विधायक ने खेल मंत्री से कराई स्वीकृति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर विधानसभा के संडवा चंद्रिका विकासखंड में जल्द ही मिनी स्टेडियम बनेगा। इसके लिए सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने मंगलवार को खेल मंत्री गिरीश यादव से मिलकर बात कर ली है। बताते चलें कि संडवा चंद्रिका क्षेत्र के हनुमान पांडेय का पुरवा में क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए एक मिनी स्टेडियम की स्वीकृति सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने प्रदेश के मंत्री गिरीश यादव से करा ली है।

शीघ्र ही इसकी कार्य योजना को क्रियान्वित कर दिया जाएगा। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य को खेल मंत्री गिरीश यादव ने आश्वस्त किया है कि यह मिनी स्टेडियम शीघ्र ही बनेगा। इस स्टेडियम के बन जाने से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतर स्थान मिलेगा और वह अपनी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए यहां खेल अभ्यास सकते हैं। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य के प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों की मांग पर सदर विधायक राजेंद्र मौर्य के प्रयास से इस स्टेडियम का निर्माण शीघ्र ही कराया जाएगा। यह खेल प्रतिभाओं के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।



खेल मंत्री गिरीश यादव से मुलाकात करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

## युवक की ट्रेन से गिरकर रास्ते मे मौत

**परियावां, प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के फतूहाबाद गांव निवासी राहुल पटेल (19) पुत्र पप्पू पटेल रोजी रोटी के लिए मंगलवार को घर से प्रयागराज छिवकी स्टेशन के लिए निकला जो रात में लगभग एक बजे मध्यप्रदेश के भुसावल स्टेशन से दो किलोमीटर पहले ट्रेन से गिर गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई, जिसके पास कागजात मिलने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया परिजन लोग घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके परिजनों की मौजूदगी में पी एम को भेजा जहां से परिजन लोग शव को घर लाने की बात कह रहे है।

# मुलायम सिंह के निधन पर व्यापार मण्डल ने जताया शोक

## भाजपा नेता गणेश नारायण मिश्र व आईबी सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल के बाबागंज स्थित प्रतिष्ठान पर जिला महामंत्री संजय सोनी के संचालन में एक शोकाकुल बैठक संपन्न हुई।

बैठक में देश के पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री व उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष गणेश नारायण मिश्र, आर्किटेक्ट इंजिनियर आई0 बी0 सिंह के विगत दिनों अकस्मत निधन होने पर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु सम्पन्न हुआ। अन्त में सभी ने खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शान्ति और परिजनों के धैर्य, सहन-शक्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। उपरोक्त शोकाकुल बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, अभय खंडेलवाल, सुरेश चंद केसरवानी, राहुल केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, कृष्ण मोहन केसरवानी, प्रदीप यादव, दिनेश केसरवानी, शुभम जायसवाल, अनिल केसरवानी व जैन पान आदि अन्य लोगो मौजूद रहे।



मुलायम सिंह के निधन पर शोक जताते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

# विज्ञान मानवता के लिए वरदानः डीआईओएस

## राजकीय इंटर कालेज में प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ



प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कॉलेज में एनसीईआरटी नई दिल्ली एवं राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एवं उप शिक्षा निदेशक प्रयागराज एव जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ के आदेश के क्रम में 50वीं जवाहरलाल नेहरू विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2022 का मंडल स्तर का सफल एवं रंगारंग शुभारंभ किया गया। जिसका मुख्य विषय प्रौद्योगिकी एवं खिलौने रहे।

इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद ने कहा कि विज्ञान मानवता के लिये वरदान है। उन्होंने कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य, शिक्षकों ,छात्र-छात्राओं एवं सामान्य जनता के बीच विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण को लोकप्रिय बनाना है। इस दौरान कई स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई प्रदर्शन को अतिथियों द्वारा सराहा गया। इस मौके पर अति विशिष्ट अतिथि में एसपी दिवेदी सह जिला विद्यालय निरीक्षक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ ने की। कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्रा ने किया। प्रदर्शनी में विशेष सहयोगी के रुप में नामित डॉक्टर मोहम्मद अनीस रहे।

## गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

**प्रतापगढ़।** थाना देल्हूपुर के शनिदेव चैकी के सहेरूआ गांव में रोड के समीप बने कमरे में कई वर्षों से धड़ल्ले से गांजा बिक रहा था। जब इसकी सूचना शनिदेव चैकी इंचार्ज रविशंकर तिवारी को हुई तो उन्होंने जांच पड़ताल शुरू किया तो मामला सत्य पाया गया। वह अपने हमराहीयों के साथ चेकिंग के लिए क्षेत्र में निकले हुए थे। उसी दौरान शिवबाबू मिश्र पुत्र सूर्य लाल मिश्र निवासी ग्राम सहेरूआ स्कूटी से अपने घर के लिए जा रहा था। पुलिस को देखते ही स्कूटी मोड़कर भागने का प्रयास किया। संदिग्ध स्थित में देखकर शनिदेव चैकी पुलिस द्वारा उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया तो स्कूटी के डिग्गी में एक किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस संबंध में थाना देल्हूपुर में 60/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# शहर के पांच वार्डों में की गई फागिंग व एंटीलार्वा का छिड़काव

## डेंगू का प्रभाव रोकने के लिये 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डेंगू के बढ़ते प्रकोप को लेकर शासन गंभीर है। उसके निर्देष पर जिलाधिकारी के आदेष पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रोस्टर के अनुसार शहर में नियमित रुप से एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग करने के निर्देष दिये हैं।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आज बुधवार को पांच वार्डों में फागिंग तथा पांच ही वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। बुधवार को शहर के दहिलामऊ उत्तरी, दहिलामऊ दक्षिणी, बलीपुर, विवेक नगर तथा टक्करगंज की नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। इसके अलावा अजीत नगर, सदर बाजार, पड़ाव वार्ड, महुली और चिलबिला वार्ड में फागिंग की गई। इस बारे में नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि जिन क्षेत्रों में डेंगू के मरीज होंगे, वहां प्रतिदिन फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा। शहर के अजीत नगर में डेंगू के अधिक मरीज मिले हैं। यहां सघन रुप से एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वह अपने घरों में पानी का जमाव न होने दें तथा पूरी आस्तीन के कपडे. पहनकर बाहर निकलें जिससे मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सके। सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह संचारी रोग अभियान 31 अक्टूबर तक नियमित रुप से चलेगा।



बलीपुर वार्ड में दवा का छिड़काव करते नगर पालिका कर्मी।

## बिजली के चटकने से ट्रान्सफार्मर हुआ डैमेज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उप केंद्र 33/11से जुड़े मुरस्सापुर का 250 के वी का विद्युत ट्रान्सफार्मर सोमवार की रात बिजली की चटकने से डैमेज हो गया किसी तरह लाइन मैन एक फेस की आपूर्ति जारी कर रखे थे जो मंगलवार से ट्रान्सफार्मर के अंदर से आपूर्ति फेल हो गईं जिससे गाव में अंधेरा छाया हुआ है। जब कि नवरात्रि के शुरू होने के 4-5 दिन पहले ट्रान्सफार्मर को बदला गया है। जेई कालाकांकर ब्रजेश यादव का कहना है कि मुरस्सापुर के ट्रान्सफार्मर में लोड अधिक पड़ रहा है कनेक्शन लगभग 450 है और ट्रान्सफार्मर 250 के वी का है जो लोड अधिक पड़ने पर व बिजली के चटकने से डैमेज हो जाता है यदि ट्रान्सफार्मर की क्षमता बढ़ा दी जाय या तो 250 के वी का एक और ट्रान्सफार्मर लगाकर कनेक्शन बाट दिया जाय तो उपभोक्ताओं के साथ विभाग को परेशानी से छुटकारा मिल जाय। ग्राम प्रधान संगीता यादव व समाज सेवी सुरेश कुमार यादव, गुड्डी देबी बीडीसी,वसीम अहमद बीडीसी,रामगोपाल अग्रहरि, सरफराज मंसूरी, रिजवान खां, झुरी, शफीक अंसारी, जितेंद्र गौतम ने बाबागंज विधायक बिनोद सरोज के साथ अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते ट्रान्सफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की है।

## तहसील परिसर में जलभराव पर बिफरे वकील, एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर मे बरसात के पानी के जलभराव के कारण हो रही परेशानी को लेकर बुधवार को अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे एसडीएम को सौपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि बारिश के कारण परिसर में तहसील के मध्य गेट से लेकर कार्यालय तक जलभराव हो उठा है। इसके चलते अधिवक्ताओं तथा वादकारियो को न्यायिक एवं प्रशासनिक कामकाज से जुडे मामलो मे गेट से कार्यालय तक पहुंचने मे कठिनाई हो रही है। ज्ञापन मे कहा गया है कि परिसर में वर्षो पहले एक कार्यदायी संस्था द्वारा पक्के मार्ग का निर्माण मानक के विपरीत कराया गया। इसके चलते बारिश के समय प्रायः तहसील परिसर जलमग्न हो उठा करता है। एसडीएम सौम्य मिश्र ने अधिवक्ताओं को समस्याओं के समाधान कराए जाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल, टीपी यादव, उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, शेष तिवारी, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, केबी सिंह, प्रभाकर पाल, अनूप पाण्डेय, राकेश शुक्ल, मो. ईशा, रामकिंकर शुक्ल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में मनोविज्ञान ने किया आमूलचूल परिवर्तनः डा0 धर्मेन्द्र

## पीबीपीजी कालेज में आयोजित हुई विभागीय संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विभागीय संगोष्ठी का आयोजन मनोविज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मनोविज्ञान बालक के सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका देते हुए दैनिक जीवन के विभिन्न पक्षों पर बहुत ही गहरा प्रभाव डालता है।

बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मनोविज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहां कि आज शिक्षा के क्षेत्र में मनोविज्ञान ने आमूलचूल परिवर्तन कर दिया है, पहले शिक्षा विषय केंद्रित हुआ करती थी और जब से मनोविज्ञान ने शिक्षा में प्रवेश किया तब से शिक्षा विषय केंद्रित ना होकर बाल केंद्रित हो गई और शिक्षा मनोविज्ञान द्वारा बालक के समरस विकास के लिए बालक की रूचि बालक की आयु बालक की योग्यता अभिक्षमता आदि को ध्यान में रखकर पाठ्यक्रम तथा शैक्षिक गतिविधियों पर बल दिया जा रहा है। संगोष्ठी में मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं अंकिता शर्मा खुशी शर्मा आंचल मिश्रा तथा छात्रों में अभय यादव, जनार्दन मिश्रा, सौरभ शर्मा, अंकित मिश्रा द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा खुशी मिश्रा द्वारा किया गया तथा आभार उद्बोधन मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार ने किया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से असिस्टेंट प्रोफेसर स्मृति मिश्रा राजकुमार, विनोद मौर्य, मोहम्मद शमीम आदि लोग उपस्थित रहे।




विभागीय संगोष्ठी में मौजूद विभागाध्यक्ष डा0 धर्मेन्द्र सिंह व अन्य।



परीक्षण कार्यषाला में मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजयुमो पदाधिकारी

## भाजयुमो की परीक्षण कार्यषाला में युवाओं का हुआ मार्गदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के परीक्षण कार्यशाला बुधवार को सम्पन्न हुई। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री भाजयुमो हर्षवर्धन सिंह ने भाजपा के इतिहास और विकास के विषय पर युवाओं का मार्गदर्शन किया। दूसरे सत्र में हरिओम मिश्रा जिला अध्यक्ष भाजपा विचार परिवार पर युवाओं का मार्गदर्शन किया। तीसरे सत्र में अशोक मिश्रा ने केंद्र और प्रदेश सरकार के एवं भाजपा इतिहास एवं विकास व्यवस्था पर चर्चा किया। चतुर्थ सत्र में संतोष पटेल क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा वैचारिक अधिष्ठान एवं कार्य पद्धति पर युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा अंशुमान सिंह ने करते हुए सभी का धन्यवाद आधार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवनीश सिंह, विक्रम, कुमुद त्रिपाठी, चंदन, रितेश सिंह, जिला महामंत्री नीतीश श्रीवास्तव, रजनीश शुक्ला, शुभम, शैलेश मिश्रा, निहाल, मदन, प्रदीप, प्रिंस पांडेय, सीपी सिंह, सत्यम आदि मौजूद रहे।

# दुकान में चोरों ने नकदी समेत लाखों के सामान पर हाथ फेरा, जांच मे जुटी पुलिस

## अज्ञात चोरो ने उडाये कीमती सामान, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत सगरा सुंदरपुर बाजार मे चोरो ने दुकान में दुस्साहसिक चोरी की घटना को अंजाम देते हुए नकदी समेत लाखों के कीमती सामान पर हाथ फेर दिया। थाना क्षेत्र के बासूपुर निवासी जीतलाल विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसने सगरा सुंदरपुर पुरानी बाजार में लोहे व फर्नीचर की दुकान खोल रखी है।

मंगलवार को वह रात मे दुकान बंद कर अपने घर चला गया। बुधवार को सुबह व्यापारी अपने प्रतिष्ठान पहुंचा तो चोरी की घटना देख दंग रह गया। पीडित ने दी गई तहरीर मे कहा है कि चोरो ने दुकान के झरोखे से अंदर घुसकर काउन्टर का भी ताला तोडकर बारह हजार पांच सौ रुपए नकद उडा लिये। वहीं चोरों ने दुकान मे रखे तीन लोहे की कटर मशीन एक लकडी की कटर मशीन, एक एम्प्लीफायर मशीन, रेंजर साइकिल, जनरेटर का चक्का आदि भी चोरी कर ले गये। सूचना मिलने पर लीलापुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की।

पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर घटना का खुलासा किया जाएगा। उधर उदयपुर थाना क्षेत्र मे अज्ञात चोरों ने दरवाजे की कुण्डी तोडकर चोरी की घटना अंजाम दी। थाना के सामने ही दुस्साहसिक चोरी की वारदात से खाकी के भी रसूख को भी दागदार होना पड़ा है। थाने से महज सौ मीटर दूर बाजार में चेतराम सरोज ने दुकान खोल रखी है। पीडित ने दी गई तहरीर मे कहा है कि मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे की कुंडी तोड दी। चोर अंदर घुस गये तथा कीमती कपड़े व बर्तन आदि उठा ले गये। घटना की जानकारी होने पर बुधवार की सुबह व्यापारियों मे भी गुस्सा पनप उठा। वहीं घटना को लेकर लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर ने भी उदयपुर पुलिस को जमकर फटकार लगायी। सीओ ने घटना के खुलासे को लेकर पुलिस को कडे निर्देश दिये है।

## नाबालिक छात्रा से मनचलों ने की छेड़खानी

**प्रतापगढ़।** रानीगंज कोतवाली क्षेत्र के बाजार में कक्षा 9 की छात्रा के साथ स्कूल जाते समय मनचलों ने छेड़खानी की। जब इसका विरोध लड़की के भाई ने किया तो मनचलों ने उसके भाई की पिटाई कर दी। राहगीरों के छुड़ाने पर मामला शांत हुआ। इस दौरान मनचले वहां से भाग निकले। इसको लेकर छात्राओं के अंदर स्कूल जाने का भय बना हुआ है।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन प्रस्ताव को किया गया अनुमोदित

**प्रतापगढ़।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मा0 अध्यक्ष, मंत्री एवं सचिव मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं समस्त जनसामान्य को सूचित किया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रेलवे यूनियन की भूख हड़ताल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण के विरोध में केंद्रीय आह्वान पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन शाखा प्रतापगढ़ के पदाधिकारी बुधवार को भूख हड़ताल पर रहे। उनकी मांग है कि कर्मचारियों का टीए दिया जाय। ट्रांसफर के नाम पर उनका शोषण नहीं होने दिया जायेगा।रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठे ब्रांच सेकेट्री अनिल शुक्ला ने मीडिया को बताया कि केंद्रीय सरकार ने 2004 के बाद से पुरानी पेंशन बंद कर दी है। रिटायर होने के बाद कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा पेंशन ही है। सरकार ने इसको रोक दिया है। उसकी बहाली होनी चाहिए। अध्यक्ष शफीक अहमद ने कहा कि रेलवे निजीकरण कर रही है। जो राष्ट्र हित में कत्तई उचित नहीं है। नेताओं ने कहा कि इन्हीं मांगों को लेकर भूख हड़ताल की गई। सरकार ध्यान नहीं देती है तो केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी। हड़ताल में ओपी राव, मनीष पांडेय, मोहम्मद अनीश, एसके तिवारी, वीके तिवारी, विनय मिश्रा, सलामत गोविंद समेत कई कर्मचारी और नेता मौजूद रहे।

## मिनी सचिवालय अन्तामऊ से इन्वर्टर बैटरी चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अन्तामऊ में बीती रात को अज्ञात चोरों ने मिनी सचिवालय के कमरे का ताला तोड़कर इन्वर्टर व बैटरी चुरा ले गए। घटना की सुबह होने पर ग्राम प्रधान गुड़िया पत्नी सुरेश कुमार मौके पर पहुचे और घटना की जानकारी ग्राम पंचायत सचिव आफताब आलम को दी। ग्राम प्रधान ने घटना की तहरीर मानिकपुर पुलिस को दी। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## मृतका के भाई ने ससुरालीजनों के खिलाफ दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के नटोही गांव में मंगलवार की सुबह घर के अंदर कुण्डी लगाकर आग से जलने पर उपचार के दौरान कुंडा सीएससी में फूलकली पत्नी राधे सरोज (40) वर्षीय की मौत हो गई मामले में मृतका फूलकली के भाई सजन लाल पुत्र धुन्नू कालाकांकर नवाबगंज थाना निवासी की तहरीर पर पुलिस ने पति ,सास व देवरानी के खिलाफ 302 आईपीसी के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

## खबर संक्षेप

### सवर्ण छात्रों के साथ योगी सरकार कर रही सौतेला बर्ताव

**कौशांबी।** उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र छात्राओ के साथ योगी सरकार और उनके अधिकारियों ने छलावा कर सौतेला व्यवहार करना शुरू कर दिया है उच्च शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को प्रतिपूर्ति शुल्क दिए जाने वाला प्रतिपूर्ति शुल्क सवर्ण छात्र छात्राओ को नही मिल रहा है शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने के लिए दिए जाने वाले प्रतिपूर्ति शुल्क में सवर्ण छात्र छात्राओं की उपेक्षा योगी सरकार में शुरू है जिसके चलते सवर्ण छात्र छात्राओ को कई वर्षो से प्रतिपूर्ति शुल्क छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है आखिर सवर्ण छात्रों का क्या अपराध है कि उन्हें योगी सरकार ने प्रतिपूर्ति शुल्क छात्रवृत्ति देनी बंद कर दी है सरकार के इस दोहरे मापदंड से छात्र-छात्राओं में सरकार के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है जिसका खामियाजा आने वाले चुनाव में सरकार को भुगतना पड़ सकता है।

# अनियंत्रित ट्रक ने मासूम को कुचला हुई दर्दनाक मौत

**मासूम की मौत से ग्रामीणों परिजनों ने सड़क किया जाम, मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम हटवाया**

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा के पास अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़े एक मासूम को रौंद दिया है हादसे में मासूम की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो गए हैं और मासूम के शव को सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया है मासूम की मौत और सड़क जाम की जानकारी मिलते ही पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची है और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क का जाम समाप्त कराया है मासूम के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली के कमासिन सैनी निवासी विष्णु पासी का 4 वर्षीय पुत्र आशू इसी कोतवाली क्षेत्र के राम पुर धमावा गांव अपने ननिहाल आया था बुधवार की सुबह सड़क किनारे खड़े मासूम आशू को एक अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया जिससे मासूम की दर्दनाक मौत हो गयी मासूम की मौत की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो गए और आक्रोशित ग्रामीणों ने परिजनों के साथ धाता सिराथू मार्ग को अवरुद्ध कर सड़क पर बैठ गए सड़क जाम कर रहा है ग्रामीणों ने नारेबाजी कर कार्यवाही की मांग की मामले की जानकारी पुलिस को लगी तो सैनी कोतवाली पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर परिजनों ग्रामीणों को समझाते बुझाते जाम को खुलवाकर मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है घटना कारित करने वाला ट्रक ड्राइवर फरार बताया जाता है।



मासूम की मौत के बाद लगी भीड़

### बदनियत बालू कारोबारी पी गए 36 लाख रुपए का डीजल पेट्रोल

**कौशाम्बी।** जिले में बालू का कारोबार करने के लिए गैर प्रांतों के माफियाओं ने डेरा जमा लिया है बालू के कारोबार के आड़ में यमुना नदी से अवैध बालू का खनन करने में भी यह कारोबारी पीछे नहीं है इनकी बदनियति का आलम यह है कि पेट्रोल पंप संचालकों से 36 लाख रुपए से अधिक का डीजल पेट्रोल लेने के बाद पंप संचालकों के डीजल पेट्रोल का भुगतान यह बालू कारोबारी नहीं कर रहे हैं जिससे पंप संचालक परेशान हैं। बालू कारोबारी रकम देने को कतई तैयार नहीं है जब निजी कारोबारी की रकम में इनकी इस कदर से नियत खराब है तो यमुना नदी के बालू खनन में सरकारी व्यवस्था में किस हद तक इनकी नियत साफ होगी इसका अंदाजा शायद सरकारी व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को नहीं है। बालू के काले कारोबार की खबर प्रकाशित हुई तो योजना से जुड़े अधिकारी उत्तेजित हो जाते हैं और बालू के काले कारोबार में लगे इन बदनीयत कारोबारियों का पक्ष लेने लगते हैं जिसका नतीजा यह होता है कि यमुना नदी से पूरे वर्ष बालू का अवैध खनन होता रहता है। अवैध खनन पर रोक की कार्यवाही के नाम पर केवल सरकारी ढिंढोरा पीटा जाता है। बालू की एक कंपनी के छह साझेदारों पर 36 लाख रुपए से अधिक की रकम बकाया की ना देने का आरोप लग रहा है।

# साथियों संग मिलकर देवर ने महिला को मारी गोली

**गंभीर अवस्था में प्रयागराज रिफर, दो नामजद दो अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के असावा सिरियावा के बीच एक महिला को मंगलवार को गोली मार दिया गया था जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी जानकारी मिलने पर पुलिस ने महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने महिला को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है महिला की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और 2 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पल्लवी सिंह पुत्र स्वर्गीय बंबहादुर सिंह निवासी अलीपुर थाना उमवां जिला बलिया ने धर्म परिवर्तन करके 24 फरवरी 2022 को मोहम्मद आलम निवासी प्रयागराज से कोर्ट मैरिज कर लिया था पीड़िता का आरोप है कि वह पति मोहम्मद आलम के साथ अपनी बहन अनुराधा सिंह को लेकर नसर अहमद उर्फ शेरू के साथ राजपूत होटल पर आई थी। शाम लगभग 3:00 बजे भरवारी पुलिस चौकी के असावा मोड़ के आगे सिरियावा के पास देवर नूर आलम व मुजफ्फर दो अन्य लोगों ने उसे रोक लिया और देवर ने महिला को गोली मार दी घायल महिला का कहना है कि तीन अन्य लोगों ने हवाई फायर कर दहशत फैला दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को मोटरसाइकिल से लेकर चरवा की तरफ एक आदमी फरार हो गया घटना की सूचना पुलिस को सेट पर वायरल की गई हरकत में आई पुलिस ने चरवा थाना से कुछ दूर पहले सुनसान स्थान पर पड़ी विवाहिता को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया विवाहिता की हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने महिला को प्रयागराज रेफर कर दिया कोखराज पुलिस ने देवर नूर आलम व मुजफ्फर के अलावा दो अन्य लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी की टीम गठित कर दी है पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

# पीईटी परीक्षा : 28704 अभ्यर्थी करेंगे प्रतिभाग : एडीएम

**पीईटी परीक्षा-2022 को सकुशल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने के एडीएम ने दिये निर्देश, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए 04 सेक्टर मजिस्ट्रेट 12 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 08 अतिरिक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा उदयन सभागार में जनपद में आयोजित होने वाली पी0ई0टी0 परीक्षा-2022 को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र अधीक्षकों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि पी0ई0टी0 परीक्षा-2022 दिनांक 15 एवं 16 अक्टूबर 2022 को 02-02 पॉलियों में प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 03 बजे से 05 बजे तक आयोजित की जाएगी। जनपद में कुल 12 परीक्षा केन्द-भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी, भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी, नेशनल इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गॉधी कन्या इंटर कॉलेज भरवारी, एस0ए0वी0 इंटर कॉलेज सैनी, श्री बाबू सिंह डिग्री कॉलेज सयॉरा, कौशाम्बी पब्लिक स्कूल कसिया, हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी, दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा, डॉ0 ए0एच0 रिजवी डिग्री कॉलेज, डॉ0 रिजवी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एवं डॉ0 रिजवी कॉलेज आफ लॉ बनाये गये हैं तथा परीक्षा में कुल 28704 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए 04 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 12 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 08 अतिरिक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी



सम्बन्धित अधिकारियों को आयोग द्वारा पी0ई0टी0 परीक्षा-2022 के सम्बन्ध मे जारी गाइडलाइन एवं दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा सकुशल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी परीक्षा की गम्भीरता को समझते हुए जिम्मेदारी पूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय, उन्होंने कहा कि लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी।

### अग्निवीर भर्ती रैली में अभ्यर्थियों के लिए एडवाइजरी जारी

**कौशाम्बी।** जनपद अयोध्या में 16 नवंबर 2022 से 06 दिसंबर 2022 तक होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। यह जानकारी कर्नल/निदेशक भर्ती ने देते हुए अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि अभ्यर्थी किसी दलाल की झूठी झांसे में न आयें, भर्ती प्रक्रिया का प्रोसीजर पूरी तरह से कंप्यूटराइज्ड तथा फूल प्रूफ है। अभ्यर्थी दलालों के बहकावे में आकर बहुमूल्य राशि व्यर्थ न करें। अभ्यर्थी नकली एडमिट कार्ड/ मार्कशीट अन्य अभिलेखों का इस्तेमाल करके रैली में प्रवेश करने की कोशिश न करें, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर से यह पकड़ में आ जायेंगा तथा अभ्यर्थी को पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा। कर्नल/निदेशक भर्ती ने बताया है कि जिन अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन, आधार इनरोलमेंट आईडी से किया है, उन्हें मूल ईआईडी स्लिप लाना अनिवार्य है, जिसके बिना उन्हें रैली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। रैली में सभी अभ्यर्थियों को मोबाइल का प्रयोग करना मना है, सभी अभ्यर्थी अपना आधार से लिंक किया हुआ मोबाइल लेकर आएंगे,जिसे स्विच ऑफ की हालत में रखा जायेगा। अभिलेखों की जांच के दौरान प्रार्थना पत्र में भरे गये डाटा तथा अभिलेखों में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर अभ्यर्थियों को निकाल दिया जाएगा तथा जन्मतिथि से छेड-छाड़ करने पर अभ्यर्थियों को निकाल दिया जाएगा। सभी अभ्यर्थी कोविड-19 डबल वैक्सीनेशन प्रमाण-पत्र भी लेकर आयेगें। उन्होंने बताया है कि सभी अभ्यर्थी डोगरा रेजिमेंटल सेंटर में स्थित रैली ग्राउंड में नाका पोस्ट गेट से ही प्रवेश करेंगे, अन्य किसी गेट से प्रवेश वर्जित है।

# ठगों के खिलाफ कानून बनने के बाद भी अधिकारी नहीं कर रहे हैं ठगों को दंडित

**डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए जमा कर्ताओ के धन वापसी की मांग की गई**

**कौशाम्बी।** अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून 2019 एवं उत्तर प्रदेश के वित्तीय अधिष्ठानों जमा कताओं के हित संरक्षण अधिनियम 2016 के अनुपालन सुनिश्चित करवा कर ठगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाते हुए पीड़ितों का भुगतान 180 कार्य दिवस में करवाए जाने हेतु कानून बनाए जाने के बाद कौशांबी जिले में कानून का पालन होता नहीं दिख रहा है जिस पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संस्था के लोगों ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मिशन भुगतान भारत यात्रा के तहत अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून का पालन कराए जाने की मांग की है ज्ञापन देने वाले मदनलाल आजाद ने कहा कि राज्य शासन ने अधिसूचित करते हुए राज्य के ठगी पीड़ितों का भुगतान और ठगों को दंडित करने की विधि स्थापित की है किंतु स्थानीय अधिकारी उक्त कानूनों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं जिस वजह से जनपद कौशांबी के ठगी पीड़ितों को ठगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने एवं सक्षम अधिकारी के समक्ष भुगतान के दावे दाखिल करने में परेशानी आ रही है मिशन भुगतान भारत यात्रा के माध्यम से डीएम को अवगत कराया गया है कि जिले में रोजवैली सहारा इंडिया पर्ल्स स्काई साईं प्रकाश श्री राम साईं प्रसाद टोगो रिटेल कल्पतरु कर्मभूमि जेकेवी कैमुना समृद्धि जीवन एचबीएन विश्वकर्मा बाइक बोट विजर्ड आदर्श किसान एग्रो अनंतनिधि इत्यादि दर्जनों ठग कंपनी एवं सोसाइटी ने लाखों नागरिकों से बारी-बारी से योजना बनाकर ठगी की है उपरोक्त कंपनी के ठगी के शिकार बने जनपद के निवासियों की शिकायत पत्रों के प्रक्रिया भी डीएम को सौंपी गई है ठगी करने वाले कंपनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए पीड़ितों के भुगतान का दावे स्वीकार कर पीड़ितों का भुगतान 180 कार्यदिवस के तहत विशेष न्यायालय वरिष्ठ जिला एवं सत्र न्यायाधीश के माध्यम से भुगतान कराए जाने की मांग की गई है।

## न्यूज झरोखा

### बरामदे में खड़ी पल्सर बाइक उठा ले गए चोर

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पल्सर बाइक चोरी की घटनाएं**




**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर गांव में मुख्य मार्ग पर राज किशोर त्रिपाठी का घर है घर के बाहर बरामदे में उनके बेटे आशुतोष त्रिपाठी की पल्सर मोटरसाइकिल खड़ी थी 11 अक्टूबर की भोर 4:00 बजे बेखौफ अज्ञात चोर पल्सर बाइक उठा ले गए हैं चोरी करते वक्त बाइक चोरों की सीन सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है चोरों की शिनाख्त के लिए परिजन प्रयास कर रहे हैं मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी है बाइक चोर किस कदर से बेखौफ है कि घटनास्थल के बगल में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा है जहां सुरक्षा ड्यूटी में गार्ड की तैनाती रहती है उन्हें उनका भी भय नहीं था कादीपुर में पुलिस पिकेट की ड्यूटी भी लगाई जाती है बाइक चोर को उनका भी भय नहीं था घर में सीसीटीवी कैमरा भी लगा है चोरी करने की सीन कैद हो सकती है इस बात का भी चोरों को भय नहीं था इतना ही नहीं 112 डायल पुलिस भी कादीपुर के आसपास लगातार पिकेट ड्यूटी पर रहती है लेकिन बाइक चोर गिरोह के सदस्यों को उनका भी भय नहीं था बेखौफ चोर पल्सर बाइक उठा ले गए हैं

### हर दिन हर घर आयुर्वेद : डा. भूपेंद्र मणि



**कौशाम्बी।** आयुवेर्दा कर्यक्रम के अंतर्गत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पश्चिम शरीरा मैं हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम का आयोजन किया गया 5 वें सप्ताह हेतु निर्धारित थीम "मानसिक खुशहाली हेतु आयुर्वेद" पर आधारित कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को आयुर्वेद की जानकारी डॉ भूपेंद्र मणि त्रिपाठी त्रिपाठी,प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा दी गयी साथ ही दिनांक 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता "मेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता" में प्रतिभाग करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। डॉ त्रिपाठी प्रत्येक विद्यालय में लगातार भ्रमण कर आयुर्वेद की जानकारी साझा कर रहे हैं।आज आयोजित कार्यक्रमों में जिला पंचायत इंटर कालेज, पश्चिम शरीरा, जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, सरसवां, किसान इंटर कालेज, हिनौता आदि के छात्र छात्राओं को भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के गुर सिखाए। गौरतलब है कि डॉ. भूपेंद्र मणि त्रिपाठी आयुर्वेद में एम.डी. हैं और कौशाम्बी जनपद में आयुर्वेद के प्रचार प्रसार के लिए निरंतर सक्रिय हैं।

# समस्यायों को लेकर सकीपा ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**अजय सोनी ने कहा कि भारी बारिश से किसानो की फसलों के हुए नुकसान का किसानों को मुआवजा दिया जाए**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वाधान में कौशांबी जनपद के किसानों, गरीबों की तमाम समस्यायों को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में पार्टी पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित एक 6 सूत्रीय ज्ञापन पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजेश श्रीवास्तव को सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों, गरीबों की तमाम समस्यायों के त्वरित समाधान कराने की मांग की गई। बुधवार को समर्थ किसान पार्टी कार्यालय में पार्टी की एक बैठक हुई।भारी बारिश से किसानों और गरीबों के हुए नुकसान का मुद्दा बैठक में छाया रहा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि भारी बारिश से किसानो की सत्तर फीसदी फसलें खराब हो चुकीं हैं और किसान मुसीबत में है। इसी तरह गरीबों के कच्चे मकान भारी बारिश से ढह गए है और गरीब लोग खुले आसमान के नीचे रहने की विवश हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी नुमाइंदे किसानों एवं गरीबों की समस्यायों की अनदेखी कर रहे हैं जिसे कत्तई बर्दाशत नही किया जाएगा। इसके बाद पार्टी कार्यकताओं ने जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक 6 सूत्रीय ज्ञापन भेजा। भेजे गए ज्ञापन में किसानों की भारी बारिश से बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराकर समुचित मुआवजा देने, फसल



बीमा से अच्छादित फसलों की किसानो को बीमा कंपनियों द्वारा समुचित मुआवजा दिलाए जाने, किसानों की राजस्व वसूली माफ करने चार माह का विद्युत बिल माफ करने, किसानों की के. सी. सी. माफ किए जाने और भारी बारिश से गरीबों के कच्चे मकान गिर जाने पर उनके लिए पक्के आवास स्वीकृत किए जाने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजेश श्रीवास्तव ने ज्ञापन को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रेमचंद केसरवानी, वीरेंद्र तिवारी, राम मिलन पटेल, दीपक दिवाकर, परिहार सिंह लोधी, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

# युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने प्रमोद केशरवानी

**प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना है, सुमित अग्रहरि और शम्भू केशरवानी उपाध्यक्ष दिनेश अग्रहरि महामंत्री गौरव जयसवाल कोषाध्यक्ष सुनील अग्रहरी संगठनमंत्री के पद पर चुने गए**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिला उद्योग व्यापार मंडल कौशाम्बी के युवा व्यापार मंडल ओसा मंडी समिति का चुनाव प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि के नेतृत्व में ओसा मंडी परिसर में बुधवार को संपन्न हुआ व्यापारियों के चुनाव के समय जिला अध्यक्ष प्रवेश केसरवानी और युवा जिला अध्यक्ष अरविंद केसरवानी भी मौजूद रहे चुने गए व्यापारियों को उनके कर्तव्यों को बताया गया इस मौके पर चुने गए पदाधिकारियों ने व्यापारियों के हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

व्यापारियों की इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रमोद कुमार केशरवानी को अध्यक्ष सुमित अग्रहरि और शंभू केसरवानी को उपाध्यक्ष चुना गया है दिनेश अग्रहरि महामंत्री के पद पर चुने गए हैं गौरव जयसवाल कोषाध्यक्ष और सुनील अग्रहरी संगठनमंत्री के पद पर चुने गए हैं युवा व्यापारियों के चुनाव के बाद पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया कार्यक्रम के शुरूआत में प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि जिला अध्यक्ष प्रवेश




युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारी

केसरवानी और युवा जिला अध्यक्ष अरविंद केसरवानी को माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया इस मौके पर प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना है उन्होंने कहा कि आज चुने गए पदाधिकारियों से उम्मीद है कि वह व्यापारी हितों की हमेशा रक्षा करेंगे और व्यापारियों के हित के लिए वह संघर्षरत रहेंगे इस मौके पर प्रेमचंद अग्रहरी राम बाबू केसरवानी रंजीत केसरवानी राजेश अग्रहरि सिंपू अंशुल केसरवानी विपिन केसरवानी गोरेलाल राजेंद्र कुमार अंकुर कुमार गुफरान नीरज कुमार मनोज कुमार नितिन कुमार सत्येंद्र सिंह आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# पशुओं की मौत के बाद ठेकेदार व अवर अभियंता पर दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भारी वर्षा के कारण नवनिर्मित/निमार्णाधीन कार्य की दीवार एक तरफ गिर गयी, जिससे दीवार के दूसरी तरफ तकरीबन 113 भेड़ें जो बारिस से बचने हेतु खड़ी थीं, वे दीवार की चपेट में आ गयीं, जिनमें से 76 भेड़ों की दबकर मृत्यु हो गयी। डीएम ने बताया कि इस घटना पर तुरन्त प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से जे.सी.बी.लगाकर मलबे को हटाया गया, तथा दैवी आपदा के अन्तर्गत चारों परिवारों (हरिमोहन-30 भेड़, रमेष पाल-12 भेड़, धनराज-10 भेड़, रामजी-24 भेड़) के लिए उन्हें प्रति पशु 4000/- रुपए की दर से कुल 3,04,000/-(तीन लाख चार हजार रुपए) मुआवजे का भुगतान आज दिनांक 12.10.2022 को उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। नवनिर्मित/निमार्णाधीन दीवार की गुणवत्ता की जॉच हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कौशाम्बी के नेतृत्व एवं अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) एवं सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग की त्रिसदस्यीय कमेटी गठित की गयी। कमेटी द्वारा प्रस्तुत की गयी संयुक्त जॉच आख्या में निर्माण कार्य को अधोमानक एवं गुणवत्ताहीन पाया गया, जिसके क्रम में प्रशासक नगर पालिका परिषद मंझनपुर एसडीएम मंझनपुर द्वारा सम्बन्धित फर्म एवं कार्यदायी संस्था नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अवर अभियन्ता के विरूद्ध स्थानीय थाना मंझनपुर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। पर्यवेक्षणीय दायित्वों में शिथिलता बरतने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिशद मंझनपुर सुनील कुमार मिश्र तथा निर्माण कार्य में प्रभावी नियंत्रण स्थापित न रखने एवं विभागीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के लिए अवर अभियन्ता नगर पालिका परिषद मंझनपुर ओमकार पटेल को अन्यत्र स्थानान्तरित करते हुए इनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन , लखनऊ को पत्र भेजा गया है।

# राम जन्म होते ही लगे जय श्रीराम के नारे

**मसहूर बुलदेलखण्डी कलाकारों ने लीलाओं का मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया**

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशाम्बी।** करारी कस्बे में चल रही ऐतिहासिक रामलीला के दूसरे दिन मंगलवार को श्रीराम जन्म, ऋषि आगमन व तड़का वध लीला का मंचन किया गया। मसहूर बुलदेलखण्डी कलाकारों ने लीलाओं का मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम जन्म होते ही पूरा प्रांगण जय श्रीराम के नारों से गुंजायमय रहा। गुरु वशिष्ठ अपने आश्रम में ध्यान मुद्रा में बैठे थे। इसी बीच राजा दशरथ का प्रवेश होता है गुरुदेव उनसे आगमन का कारण पूछते हैं।इस पर राजा दशरथ कहते हैं गुरुदेव मेरा चौथापन आ गया है। मगर अब तक कोई संतान नहीं है। इस पर गुरुदेव उन्हें संतानोत्पत्ति के लिए यज्ञ कराने का निर्देश देते हैं। श्रृंगी ऋषि यज्ञ कराते हैं। यज्ञ सफल होने पर अग्निदेव प्रकट होते हैं और द्रव्य देकर राजा दशरथ से कहते हैं कि इसे अपनी रानियों को दे दीजिए, इसका सेवन करने से संतान अवश्य होगी। राजा दशरथ के द्रव्य देने के बाद रानियां उन्हें ग्रहण करती हैं। द्रव्य ग्रहण करने के पश्चात भगवान विष्णु प्रकट होते हैं और कौशल्या हतप्रभ सी उनके दर्शन करती हैं।इस बीच मंच पर पार्श्व संगीत भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला, कौसल्या हितकारी... गूंजने लगता है। पूरा दृश्य उल्लासित नजर आता है। माता कौशल्या कहती हैं- हे तात आप यह विराट रूप त्याग कर अत्यंत प्रिय बाललीला कीजिये। विष्णु जी अंतर्ध्यान होते हैं। फिर बच्चों के रोने की आवाजें सुनाई देती हैं और खुशी का संगीत बजने लगता है।रामजन्म के



रामलीला का मंचन करते कलाकार

समाचार से राजा दशरथ सहित संपूर्ण अयोध्या में खुशी छा जाती है सुमंत महाराज दशरथ को बताते हैं कि महाराज प्रजा में हर्ष व्याप्त है, लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। प्रजावासी नाचते-गाते हैं। अवधपुरी में आनंद हुआ है। राजकुमारों का जन्म हुआ है.घर-घर दीप जले मंगल द्वार सजे। इसी बीच महर्षि विश्वामित्र का आगमन अयोध्या में होता है। महर्षि विश्वामित्र चक्रवर्ती नरेश राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को मांगने उनके महल पहुंचे। महर्षि ने राजा दशरथ से कहा कि राजन ताड़का नाम की राक्षसी से पूरा समाज भयभीत है। वह जप तप यज्ञ इत्यादि नहीं करने देती है। इसलिए यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को लेने आया हूं। यह सुनते ही राजा दशरथ दुखी हो गए और कहा कि मुनिवर मेरे राम व लक्ष्मण बहुत कोमल व सुकुमार हैं, भला ताड़का जैसी राक्षसी का कैसे वध करेंगे? ऋषिवर मैं स्वयं आपके यज्ञ की रक्षा के लिए चलूंगा, लेकिन राम व लक्ष्मण को नहीं जाने दूंगा। राजा दशरथ की बात सुन महर्षि विश्वामित्र क्रोधित हो गए और बोले कि मैं तुम्हारी अयोध्या नगरी को भस्म कर दूंगा। उसी समय वशिष्ठ मुनि आते हैं और विश्वामित्र को शांत कराते हुए राजा दशरथ को समझाते हैं कि राम लोक कल्याण के लिए अवतरित हुए हैं। इसलिए इनको महर्षि विश्वामित्र के साथ जाने दीजिए। राजा दशरथ राम व लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ विदा करते हैं। भगवान राम रास्ते मे ही ताड़का नाम की राक्षसी का वध करते हैं। और रामलीला प्रांगण जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष संजय जायसवाल, प्रबंधक, ज्ञानू शर्मा,महामंत्री संजीत मोदनवाल, संरक्षक बच्चा कुशवाहा, ट्रष्टि व संयोजक रमेश शर्मा, मेला प्रबंधक रमेश केशरवानी, मीडिया प्रभारी गनेश वर्मा, रामानन्द वर्मा शुशील मोदनवाल, श्याम सुन्दर केशरवानी, जगदीश केशरवानी लाल जी वर्मा, पंजक शर्मा, कल्लू राम चौरसिया सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।



भागवत कथा सुनते भक्तगण

# कृष्ण जन्म की कथा सुनने को उमड़े भक्त

**कौशाम्बी।** नगर पालिका मंझनपुर के मडूकी टेनशाह आलमाबाद गांव में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में बुधवार को श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के चौथे दिन भगवान कृष्ण के जन्म से संबंधित प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक ने बताया कि भगवान कृष्ण का जन्म राक्षसों का संघार करने के लिए हुआ था। श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण की सामूहिक जय-जयकार के बीच पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ उनका जन्म दिवस मनाया। कार्यक्रम स्थल को विभिन्न प्रकार के रंगों के गुब्बारों से सजाया गया और बधाई गीतों के बीच भक्तिमय वातावरण बना रहा। चौथे दिन की कथा में कथा व्यास धनंजय दास महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि संकल्प लेकर जो कार्य किया जाता है। उसको निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि वह श्रवण की गई कथा से संबंधित बिंदुओं को कथा स्थल पर ही न छोड़कर न जाये, बल्कि अपने जीवन में उनको स्थान दिलाए। क्षत्रिय का जन्म भारत भूमि की पावन धरा पर इसीलिए होता है। वह देश, धर्म, संत, सनातन और पितरो के साथ ही माताओं और बहनों की रक्षा कर सके। भागवत पुराण, वेद, उपनिषद, रामचरित मानस जैसे सभी ग्रंथों का नियमित रूप से वाचन और श्रवण करने की प्रक्रिया अपनाने की बात भी कही। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनन तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें। कार्यक्रम की सफलता में आयोजक परिवार के सभी सदस्यों के साथ पं0 रवीन्द्रनाथ शुक्ल, रमेश चन्द्र शुक्ल, दिनेश चन्द्र शुक्ल, उपेन्द्रनाथ शुक्ल, दीपू, रत्नाकर, गुणाकर, दिवाकर, सुधाकर शुक्ल, मुन्नुलाल तिवारी, शिवम शुक्ला, सत्यनारायण दीक्षित आदि भक्त मौजूद रहे।

## संपादकीय

# महाकाल लोक और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

**भारतीय** सभ्यता और संस्कृति दुनिया में सर्वाधिक प्राचीन है। सभ्यताओं के प्रादुर्भाव के साथ वह तिरोहित भी हुई। मध्यकाल में आक्रांताओं के आस्था के स्थलों पर बेहिसाब हमलों के बाबजूद यह शाश्वत संस्कृति गरिमा के साथ कायम है। स्वतंत्रता के बाद प्रथम उप प्रधानमंत्री बल्लभ भाई पटेल के प्रयासों से सोमनाथ मंदिर का भव्य निर्माण हुआ। उनके बाद ऐसे सभी विषयों को सांप्रदायिक घोषित कर दिया गया। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस प्रचलित राजनीति में बदलाव हुआ। सांस्कृतिक विषयों को देश की अर्थव्यवस्था से जोड़ा गया। तीर्थाटन और पर्यटन अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में समाहित हुए। पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों के विश्वस्तरीय विकास का संकल्प लिया गया। यह महत्वपूर्ण है कि विश्व के अन्य हिस्सों में जब मानव सभ्यता का विकास भी नहीं हुआ था तब हमारे यहां राष्ट्र प्रादुर्भाव हो चुका था। ऋग्वेद में राष्ट्र का सुंदर उल्लेख है। राष्ट्र की भौगोलिक सीमाओं के साथ ही सांस्कृतिक व्यापकता को दशार्ने वाले वर्णन प्राचीन ग्रन्थों में हैं। भारत का भौगोलिक व सांस्कृतिक क्षेत्र बहुत विस्तृत था। देश के मठ और मंदिर हमारे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक हैं। भारत ने जब तक अपनी इस महान विरासत पर गर्व किया, तब तक यहां के लोग राष्ट्रीय स्वाभिमान से प्रेरित रहे। तब तक भारत समर्थ रहा। वह विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठत रहा। आज उसी राष्ट्रीय स्वाभिमान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तन्मयता से जागृत करने में जुटे हैं। उन्होंने संकल्प से सिद्धि के अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। अयोध्या में जन्मभूमि पर पांच शताब्दी पुराना भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण का संकल्प पूरा होने को है। श्री काशी विश्वनाथधाम संकरी गलियों में सिमट गया था। इसको भव्य बनाने की पहले कभी चर्चा नहीं होती थी। प्रधानमंत्री के प्रयासों से यह कार्य भी सिद्ध हुआ। इसी प्रकार श्री विंध्यवासिनी धाम का भव्य निर्माण हो रहा है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की यह यात्रा जारी है। उज्जैन में विश्वप्रसिद्ध श्री महाकाल लोक का लोकार्पण कर प्रधानमंत्री ने इस यात्रा का महान पड़ाव पार कर लिया है। उनके इस संकल्प में योगी आदित्यनाथ और शिवराज सिंह चौहान सहायक बने हैं। यदि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में अपने को सेक्युलर कहने वाली तथाकथित सरकारें होतीं तो यह कार्य सहज संभव नहीं हो पाता। महाकाल लोक में अलग-अलग प्रदेशों की सांस्कृतिक झलक अनेकता में एकता का प्रतिबिम्ब है। उज्जैन में भारत का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रतिध्वनित हुआ है। आस्था और अध्यात्म की पावन नगरी ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी है। प्रधानमंत्री ने कहा9 भव्य और दिव्य श्री महाकाल लोक को राष्ट्र को समर्पित करने का सौभाग्य मिला। हर-हर महादेव। देश के बारह ज्योतिर्लिंगों में महाकालेश्वर की अपनी महिमा है। दक्षिणमुखी शिवलिंग का यह एक मात्र धाम है।

# नमन्ति फलनो वृक्षाः, नमन्ति गुणतोजनाः

**सुनील कुमार महला**

नम्रता एक आभूषण है जिसे जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को धारण करना चाहिए क्योंकि जीवन में नम्रता से आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। व्यक्ति का नम्र स्वभाव हमेशा लोगों के दिलों में खास स्थान बनाता है। नम्रता मान-सम्मान देती है। व्यक्ति को ऊंचाइयों पर ले जाती है नम्रता। नम्रता से आप पूरी दुनिया को जीत सकते हैं। कोई व्यक्ति कितना भी ज्ञानी, कितना भी काबिल क्यों न हों, यदि उसमें नम्रता का भाव नहीं है, नम्र होने का गुण नहीं है, तो वह लोगों का दिल जीतने में कभी कामयाब नहीं हो सकता है। विनम्र स्वभाव से तो किसी का भी दिल आसानी से जीता जा सकता है। अतः हमें यह चाहिए कि सफलता के शिखर पर पहुंचकर भी हम सदैव नम्र बने रहें, तभी हम सही मायने में कामयाब कहला सकते हैं। याद रखिए नम्रता और मीठे वचन मनुष्य के आभूषण हैं। रविन्द्र नाथ टैगोर जी कहते हैं कि विनम्रता एक आध्यात्मिक शक्ति है। सच तो यह है कि महान पुरुष की पहली पहचान उसकी नम्रता है। विनम्रता पत्थर को भी मोम कर देती है, नम्रता सारे सद्गुणों का दृढ़ स्तंभ होती है,जो हमारे व्यक्तित्व का परिचय देती है।बुद्धिमान पुरुष की पहली पहचान उसकी विनम्रता ही होती है।हम अपने सारे सद्गुणों का सदुपयोग भी तभी कर पाते हैं,जब हम विनम्र होते हैं।हमेशा हम इस बात का ध्यान रखें,जहां विनम्रता से काम हो,वहां हम उग्र कभी ना हों। इसलिए, किसी ने कहा है जब दोस्त बना कर काम हो सकता है,तब दुश्मनी करने की क्या जरूरत है। हमारे रोजमर्रा के जीवन में कभी कभी हम यह भूल जाते हैं कि अगर हम दूसरों से नम्रता और शिष्टता दिखायें तो उनसे भी हम शिष्टता के व्यवहार की आशा कर सकते हैं । उदाहरण के लिए मान लीजिये कि हम किसी से समय जानना चाहते हैं, जैसा कि हमारे पास घड़ी नहीं हैं। इसलिए दूसरों से हम पूछते हैं - समय क्या हुआ है ? इस पर शायद वह व्यक्ति विशेष समय बतायेगा या नहीं, इसमें संशय की स्थिति रहती है । लेकिन यदि विनम्रतापूर्वक हम उस व्यक्ति विशेष से यह पूछे कि- 'कृपया क्या आप समय बता सकते हैं, तो इस बात की पूरी संभावना है कि वह जरूर हमें समय बतायेगा । वास्तव में, 'कृपया' शब्द का असर उस व्यक्ति पर आश्चर्यजनक रूप से होगा । दूसरों के साथ विनम्र होने से हमारी बुराई तो कदापि नहीं होगी, बल्कि नम्रता से मैत्री बढ़ती,अपनत्व बढ़ता है । इसलिए यह एक ऐसा गण है जिसे पाने के लिए हम सब को कोशिश तो जरूर करनी चाहिए। वैसे, विद्या से नम्रता आती है,ऐसा कहा गया है, क्योंकि विद्या से व्यक्ति संस्कारवान बनता है और संस्कारवान व्यक्ति विनम्र होता है।

# नवाचार में भारत की छलांगें एक बड़ी उपलब्धि

**ललित गर्ग**

**भारत** दुनिया में नवाचार की दृष्टि से उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। संभवतः आजादी के बाद यह पहला अवसर है कि भारत के विकास की दृष्टि से नवाचार (इनोवेशन) के जितने सफल एवं सार्थक प्रयोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं, उतने पूर्व में नहीं हुए हैं। उससे दुनिया में भारत की छवि बदली है एवं प्रतिष्ठा बढ़ी है। दुनिया में तरक्की व प्रगति का बुनियादी आधार नवाचार ही होता है। इस क्षेत्र से भारत के लिए सुखद और गर्व करने योग्य खबर है कि हमने एक बड़ी छलांग लगाई है। एक साल पहले के 46वें स्थान के मुकाबले अब हम 40वें स्थान पर आ गए हैं। सात साल में भारत इनोवेशन का निर्धारण करने वाली ग्लोबल इंडेक्स में 81वें स्थान से उछलकर 40वें पायदान पर पहुंच गया है। शीर्ष स्तर पर एक साल में छह स्थान की एवं सात साल में 41 स्थान की छलांग काफी मायने रखती है, यह एक गर्व करने योग्य उपलब्धि है। भारत को इस वक्त और तेजी से नवाचार के प्रयोग करते हुए अपनी स्थिति और स्थान में बढ़ोतरी करनी चाहिए। इसके लिये एक राष्ट्रीय इनोवेशन पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है, जो वित्त-पोषण के चक्र की शुरूआत करे, जिसके जरिए- अकादमिक क्षेत्र से नए विचार पैदा हों, विशेष रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आधारित, जो कि सरकार द्वारा प्रायोजित हों और सरकारी मदद से उन्हें ह्यप्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्टह्न के स्तर तक विकसित किया जाए, जिसके बाद उद्यम निधि यानी वेंचर फंडिंग द्वारा उन्हें व्यापार के जरिए बाजार तक ले जाया जा सके। प्राथमिक और माध्यमिक दोनों रूपों में बाजार तक पहुँचने की आसानी, और अधिक लचीलेपन के साथ पूंजी जुटाने में सक्षम होने से ही इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा और उद्यमों को लेकर भारत में एक ऐसा क्रांतिकारी दौर आ पाएगा, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में मूल्य वर्धित विकास को गति मिले।



आज, भारत में उद्यमी ऊर्जा का एक बड़ा भंडार, उत्सर्जित होने की प्रतीक्षा में है।. विकास के आर्थिक मॉडल के रूप में, नए से नए विचारों और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के द्वारा, भारत अपने एक अरब से अधिक नागरिकों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के लिए, इनोवेशन की ताकत का इस्तेमाल कर सकता है। सरकार को नए स्टार्टअप्स और ऐसे व्यवसायों को सक्षम बनाने के लिए आगे आना चाहिए जो लोकल यानी स्थानीयता एवं स्वदेशी को महत्व देते हैं, लेकिन समृद्ध रूप से वैश्विक प्रभाव बनाने की क्षमता रखते हैं। छोटे और मझोले उद्यमों को बड़े स्तर पर औद्योगिक संचालन के लिए प्रोत्साहित करने से, भारत नए से नए विचारों को वैश्विक बाजारों तक ले जाने में समर्थ होगा। ऐसा करने से हम वैश्विक मूल्य श्रृंखला- ग्लोबल वेल्यू चैन में हिस्सेदारी को बढ़ा पाएंगे और मेक इन इंडिया व इनोवेट इन इंडिया की अवधारणाओं को मिलाकर, एक आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में अग्रसर हो पाएंगे, इसी से भारत सक्षम एवं विकसित भारत बन सकेगा, यही नया भारत होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरन्तर स्वदेशी एवं स्थानीयता के उत्पाद को प्रोत्साहन देते हुए विकसित भारत का सपना देखा है। यही कारण है कि इनोवेशन का निर्धारण करने वाली ग्लोबल इंडेक्स में भारत पिछले सात सालों में लगातार छलांगे लगा रहा है। इस वर्ष की छलांग के साथ महत्त्वपूर्ण यह भी है कि भारत ने ऊंचाई की ओर सतत सफर जारी रखा है, उसकी दिशा एवं दृष्टि स्पष्ट है। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है और इसका परिचायक भी है कि देश सही दिशा में जा रहा है। विशेषकर स्टार्टअप के लिए बेहतर माहौल तैयार करने और नवाचार को बढ़ावा देने का काम उल्लेखनीय है। निःसंदेह देशवासियों के व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों के साथ केंद्र सरकार को भी इसका श्रेय है, जिसने स्टार्टअप के लिए आधारभूत संरचना को मजबूती देने के लिए बहुत कुछ किया है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स की सूची ने भारत के इन प्रयासों को प्रमाणित किया है। साथ ही आगे भारत के लिए क्या गुंजाइश है, इस पर भी प्रकाश डाला है। इसमें अहम यह है कि देश के सिर्फ चार बड़े शहर बेंगलूरु, चेन्नई, दिल्ली और मुम्बई ही इनोवेशन में बेहतर शहरों में अपना नाम दर्ज करा पाए हैं। भारत के अन्य शहर इस सूची में दूर-दूर तक नहीं हैं। देश में इनोवेशन का दिल, दिमाग और प्रतिभा रखने वाले केवल चार शहरों तक तो सीमित नहीं हो सकते। साफ समझा जा सकता है कि देश के अन्य इलाकों में रहने वाली लाखों-करोड़ों प्रतिभाओं को प्रोत्साहन में कहीं बड़ी कसर रह रही है, सरकार को निष्पक्षता से नव-प्रतिभाओं, नव-विचारों एवं क्षेत्रों को प्रोत्साहन देना चाहिए। इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए यह जरूरी है कि सबसे क्रांतिकारी और बुनियादी रूप से नए लगने वाले विचारों को भी वित्त-पोषित किया जाए और उन्हें बाजार तक पहुंचाने की इच्छाशक्ति विकसित की जाए। पूंजी के बिना, सबसे परिवर्तनकारी विचार भी, पहली उड़ान भरने से पहले ही, धराशायी हो सकते हैं। जब तक हम फंडिंग-फाइनेंसिंग इकोसिस्टम बनाने में सक्षम नहीं हो जाते, तब तक भारत में इनोवेशन-तंत्र एक दूरगामी सपना बना रहेगा। देखना होगा कि चार शहर ही क्यों? सरकार को इस मसले पर बड़ी गंभीरता के साथ काम करना होगा। इन चार शहरों के अतिरिक्त अन्य शहरों में आधारभूत संरचना को मजबूत करना होगा। इसकी पहचान करनी होगी कि युवाओं व प्रोफेशनल को क्या चाहिए और इसकी पूर्ति भी करनी होगी।

कैसे भारत की प्रतिभाएं आगे जा सकती हैं या यहीं से किस तरह उनका कार्य व योगदान आगे ले जाया जा सकता है, इसका रोडमैप भी बनाना होगा। सिर्फ 4 शहरों के बूते देश 40वें स्थान पर पहुंच गया है। यदि अन्य नगरों को भी इस योग्य बना दिया जाए, तो इस क्षेत्र में भारत अग्रणी बन सकता है। एक पहलू अनुसंधान का भी है, जिसमें भारत का निवेश निरंतर कम हुआ है। इस गलती को भी सुधारना होगा, क्योंकि अनुसंधान और नवाचार एक-दूसरे के पूरक हैं। एक बेहतर होगा, तो दूसरे की प्रगति स्वतः ही हो जाएगी। भारत को शिक्षा, अनुसंधान और विकास पर व्यय बढ़ाना चाहिये जिससे नीतियों के लिये बेहतर वातावरण एवं अवसंरचना का विकास किया जा सके। हालांकि, देश में महिला वैज्ञानिकों द्वारा बेहतरीन इनोवेशन की जा रही हैं, लेकिन हम उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान बनाते हुए नहीं देख रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगातार एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा विफल किया जाता है, जो न तो इनोवेशन की सराहना करता है, और न ही उसे प्रोत्साहित करता है।

आज भारत 5जी के युग में प्रवेश कर चुका है। 5जी तकनीक का प्रयोग इसलिए भी अपरिहार्य हो गया है कि बिना इसके भविष्य की वायरलेस तकनीक विकसित कर पाना संभव नहीं होगा और इसका असर न केवल सूचना प्रौद्योगिकी, बल्कि प्रौद्योगिकी विकास से जुड़े हर क्षेत्र में पड़ता दिखेगा। इसलिए तेजी से बदलती दुनिया में भारत को अपनी जगह बनाने के लिए जरूरी है कि 5जी तकनीक का इस्तेमाल कर प्रौद्योगिकी के हर क्षेत्र का कायापलट किया जाए और खासतौर से विनिर्माण क्षेत्र में भारत दुनिया का प्रमुख केंद्र बन सके। अभी स्थिति यह है कि हम दुनिया के जिन विकसित देशों से कई मामलों में पीछे हैं, उसका एक बड़ा कारण दूरसंचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पीछे रहना है। दुनिया के कई देशों में तो 5जी पहले ही से प्रयोग में आ रही है, लेकिन अब जिस तेजी से 5जी सेवाएं शुरू करने के लिए कमर कसी गई है, उससे यह साफ है कि भारत जल्दी ही दूरसंचार क्षेत्र में एक और बड़े बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इससे इनोवेशन का निर्धारण करने वाली ग्लोबल इंडेक्स में भारत आने वाले सालों में सम्मानजनक एवं सर्वोच्च स्थानों पर पहुंच सकेगा।

> **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरन्तर स्वदेशी एवं स्थानीयता के उत्पाद को प्रोत्साहन देते हुए विकसित भारत का सपना देखा है। यही कारण है कि इनोवेशन का निर्धारण करने वाली ग्लोबल इंडेक्स में भारत पिछले सात सालों में लगातार छलांगे लगा रहा है। भारत ने ऊंचाई की ओर सतत सफर जारी रखा है**

# मन की थोथ भरने आता हर साल करवा चौथ

**प्रियंका सौरभ**

**करवा** चौथ विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक त्योहार है जिसमें वे सूर्योदय से चंद्रोदय तक उपवास रखकर पति की भलाई और दीघार्यु के लिए प्रार्थना करती हैं। यह त्यौहार अविवाहित महिलाओं द्वारा भी मनाया जाता है जो मनचाहा जीवनसाथी पाने की आशा में प्रार्थना करती हैं। यह हिंदू चंद्र कैलेंडर के कार्तिक महीने में अंधेरे पखवाड़े (कृष्ण पक्ष या चंद्रमा के घटते चरण) के चौथे दिन पड़ता है। तारीख मोटे तौर पर मध्य से अक्टूबर के अंत के बीच कभी भी हो सकती है। यह मुख्य रूप से उत्तरी भारत के राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में मनाया जाता है। करवा चौथ शब्द दो शब्दों 'करवा' से बना है, जिसका अर्थ है टोंटी वाला मिट्टी का बर्तन और 'चौथ' जिसका अर्थ है चौथा। मिट्टी के बर्तन का बहुत महत्व है क्योंकि इसका उपयोग महिलाओं द्वारा त्योहार की रस्मों के हिस्से के रूप में चंद्रमा को जल चढ़ाने के लिए किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस त्योहार की शुरूआत तब हुई जब महिलाएं अपने पति की सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना करने लगीं, जो दूर देशों में युद्ध लड़ने गए थे। यह भी माना जाता है कि यह फसल के मौसम के अंत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। मूल जो भी हो, त्योहार पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। त्योहार में एक 'निर्जला' व्रत रखना शामिल है जिसमें महिलाएं दिन भर न तो खाती हैं और न ही पानी की एक बूंद लेती हैं और पार्वती के अवतार देवी गौरी की पूजा की जाती है, जो लंबे और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद देती हैं। करवा चौथ से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं हैं। सबसे लोकप्रिय सावित्री और सत्यवान से संबंधित है जिसमें सावित्री ने अपने पति को अपनी प्रार्थना और दृढ़ संकल्प के साथ मृत्यु के चंगुल से वापस लाया। जब भगवान यम सत्यवान की आत्मा को प्राप्त करने आए, तो सावित्री ने उन्हें जीवन प्रदान करने की भीख मांगी। जब उसने मना कर दिया, तो उसने खाना-पीना बंद कर दिया और यम का पीछा किया जो उसके मृत पति को ले गया। यम ने कहा कि वह अपने पति के जीवन के अलावा कोई अन्य वरदान मांग सकती है। सावित्री ने उससे कहा कि उसे संतान की प्राप्ति हो। यम राजी हो गए। "पति-व्रत" (समर्पित) पत्नी होने के नाते, सावित्री कभी भी किसी अन्य व्यक्ति को अपने बच्चों का पिता नहीं बनने देगी। यम के पास सावित्री के पति को फिर से जीवित करने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा था। ऐसी ही एक और कहानी है सात प्यारे भाइयों की इकलौती बहन वीरवती की। जब भाइयों ने उसे पूरे दिन उपवास करते हुए नहीं देखा तो उन्होंने उसे यह विश्वास दिलाने के लिए गुमराह किया कि चाँद उग आया है। वीरवती ने अपना उपवास तोड़ा और भोजन किया लेकिन जल्द ही उन्हें अपने पति की मृत्यु की खबर मिली। उसने पूरे एक साल तक प्रार्थना की और देवताओं ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसके पति का जीवन वापस दे दिया। ऐसे ही एक करवा नाम की एक महिला अपने पति के प्रति गहरी समर्पित थी। उनके प्रति उनके गहन प्रेम और समर्पण ने उन्हें शक्ति (आध्यात्मिक शक्ति) दी। नदी में नहाते समय उसके पति को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। करवा ने मगरमच्छ को सूती धागे से बांध दिया और यम (मृत्यु के देवता) को मगरमच्छ को नरक भेजने के लिए कहा। यम ने मना कर दिया। करवा ने यम को श्राप देने और उसे नष्ट करने की धमकी दी। पति-व्रत (भक्त) पत्नी द्वारा शाप दिए जाने के डर से यम ने मगरमच्छ को नरक भेज दिया और करवा के पति को लंबी उम्र का आशीर्वाद दिया। करवा और उनके पति ने कई वर्षों तक वैवाहिक आनंद का आनंद लिया। आज भी करवा चौथ को बड़ी आस्था और विश्वास के साथ मनाया जाता है। देश में करवा चौथ से संबंधित उत्सव सुबह जल्दी शुरू होते हैं जहां विवाहित महिलाएं सूरज उगने से पहले उठती हैं और तैयार हो जाती हैं। करवा चौथ से एक रात पहले, महिला की मां बया भेजती है जिसमें उसकी बेटी के लिए कपड़े, नारियल, मिठाई, फल और सिंदूर (सिंदूर) और सास के लिए उपहार होते हैं। तब बहू को अपनी सास द्वारा दी गई सरगी (करवा चौथ के दिन सूर्योदय से पहले खाया गया भोजन) खाना चाहिए। इसमें ताजे फल, सूखे मेवे, मिठाई, चपाती और सब्जियां शामिल हैं। जैसे ही दोपहर आती है, महिलाएं अपनी-अपनी थालियों (एक बड़ी प्लेट) के साथ आ जाती हैं। इसमें नारियल, फल, मेवा, एक दीया, एक गिलास कच्ची लस्सी (दूध और पानी से बना पेय), मीठी मठरी और सास को दिए जाने वाले उपहार शामिल हैं। थाली को कपड़े से ढक दिया जाता है। तब महिलाएं एक साथ आती हैं और गौरा मां (देवी पार्वती) की मूर्ति की परिक्रमा करती हैं और करवा चौथ की कहानी एक बुद्धिमान बुजुर्ग महिला द्वारा सुनाई जाती है जो यह सुनिश्चित करती है कि पूजा सही तरीके से हो। इसके बाद महिलाएं थालियों को घेरे में घुमाना शुरू कर देती हैं। इसे थाली बटाना कहते हैं। यह अनुष्ठान सात बार किया जाता है। पूजा के बाद, महिलाएं अपनी सास के पैर छूती हैं और उन्हें सम्मान के प्रतीक के रूप में सूखे मेवे भेंट करती हैं। व्रत तोड़ा तब होता है जब चंद्रमा अंधेरे आकाश में चमकता है। वे एक चन्नी (छलनी) और एक पूजा थाली ले जाते हैं जिसमें एक दीया (गेहूं के आटे से बना), मिठाई और एक गिलास पानी होता है। वे ऐसी जगह जाते हैं जहां चांद साफ दिखाई देता है, आमतौर पर छत। वे चलनी से चाँद को देखती हैं और चाँद को कच्ची लस्सी चढ़ाती हैं और अपने पति के लिए प्रार्थना करती हैं। अब पति वही कच्ची लस्सी और पत्नी को मिठाई खिलाता है और वह अपने पति के पैर छूती है। दोनों अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं और ऐसे ही व्रत तोड़ा जाता है। करवा चौथ के दिन पंजाबियों के बीच रात के खाने में कोई भी साबूत दाल जैसे लाल बीन्स, हरी दालें, पूरी (तली हुई भारतीय फ्लैटब्रेड), चावल और बया की मिठाइयाँ शामिल होती हैं। वर्तमान समय में बॉलीवुड फिल्मों और टेलीविजन शो में इसके चित्रण के कारण इस त्योहार से जुड़े अनुष्ठानों में समय के साथ बदलाव आया है। इसने इस त्यौहार को भारत के ऐसे हिस्सों में लोकप्रिय बनाने में भी मदद की है जहाँ इसे पारंपरिक रूप से नहीं मनाया जाता था। अब बदलते समय में खासकर नवविवाहितों के बीच पतियों ने भी अपनी पत्नियों के लिए व्रत रखना शुरू कर दिया है। इस प्रकार, एक पुराना त्योहार ग्रामीण और शहरी सामाजिक परिवेश दोनों में अपने पुनर्निमाण के माध्यम से लोकप्रिय बना हुआ है।

# करवा चौथ पर्व नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण

**किशन भावनानी**

**भारत** एक आस्थावान व धर्म प्रधान देश है। यहां हजारों वर्षों से कई मान्यताएं जो कई सदियों पूर्व से हमारे पूर्वजों के द्वारा देखा, महसूस किया या सुना हुआ किस्सा अपनी अगली पीढ़ियों को श्रद्धा पूर्वक सौंपा गया और आज अनेकता में एकता का धनी भारतवर्ष अपने गौरवमई परंपरा को कायम रखते हुए हर त्यौहार को बहुत श्रद्धा भाव उत्साह के साथ मना कर बैंकुठ लोक से देख रहे अपने पूर्वजों का सम्मान बढ़ा रहे हैं ऐसा मेरा मानना है। चूंकि 13 अक्टूबर को महिलाएं पूरी निष्ठा, भावना, एकाग्र चित्त से पति की दीघार्यु कामना के लिए व्रत रख करवा चौथ मना रही है इसलिए हम सबसे पहले हम नारी शक्ति को सैल्यूट करेंगे कि, त्याग बलिदान सहनशक्ति की मूर्त नारी हर रिश्ते को बखूबी निभाती है चाहे वह बेटे का हो या फिर बहन पत्नी मां बहू सांस हर रिश्ते को बखूबी निभाती है। आज उसने पति के लिए करवा चौथ व्रत रखा है इसलिए हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस विषय पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम करवा चौथ की करें तो करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्यौहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्यौहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति औ? उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है।आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीघार्यु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है।

साथियों बात अगर हम करवा चौथ पर्व मनाने की करें तो करवा चौथ का त्योहार हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। यह त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए प्रेम, त्याग और समर्पण का प्रतीक माना गया है। इस त्योहार में महिलाएं सुबह से व्रत का संकल्प लेते हुए शाम को चंद्रमा के दर्शन और पूजा के बाद व्रत तोड़ती हैं। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। यह व्रत सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए रखती हैं। करवा चौथ के व्रत में चंद्रमा की विशेष पूजा की जाती है और चंद्रमा की पूजा के बाद ही व्रत का समापन होता है। इसी दिन सभी सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुखमय दांपत्य जीवन के लिए विधि विधान से व्रत रखती हैं। यह निर्जला व्रत महिलाओं के लिए सबसे कठिन व्रत कहा जाता है, रात में चांद को अर्घ्य देकर महिलाएं अपना व्रत संपन्न करती हैं। बता दें कि मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से महिलाओं को अखंड सौभाग्य का वरदान मिलता है। करवा चौथ पर गणेश जी, शंकर-पार्वती, करवा माता के अलावा चंद्रमा की पूजा का विशेष महत्व है।इस साल करवा चौथ पर कई अति दुर्लभ योग बनेंगे, जिसमें व्रत का फल दोगुना प्राप्त होगा। करवा चौथ का व्रत हर सुहागिन स्त्री रखती है ताकि उनके पति की लंबी उम्र हो और वह स?वस?थ रहें।व्रत की यह परंपरा सद?ियों से चलती आ रही है। कहते हैं कि यह व्रत देवताओं की पत्नियों ने भी रखा था। और तो और महाभारत काल में भी इस व्रत का प्रसंग मिलता है। देशभर में करवा चौथ की धूम देखने को मिली है, इसी के साथ विदेशों में भी भारतीय मूल के लोगों ने पूरे रीति रिवाज से करवा चौथ मनाया है।

अन्य त्योहारों की तरह ही करवा चौथ भी हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है और ये त्योहार भारत के हर राज्यों में विभिन्न तरीकों से सेलिब्रेट किया जाता है। थाली सजाने के तरीके से लेकर पूजा पाठ के तरीकों तक, इस त्योहार भारत के अलग अलग राज्यों अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। साथियों बात अगर हम करवा चौथ को लेकर कई प्राचीन कथाओं की करें तो वैसे कई प्राचीन कथाएं प्रचलित है।

# बुलडोजर राज

**निर्मल रानी**

**भारतीय** राजनीति का एक दौर वह भी था जबकि राजनेता, जनता के समक्ष एक विनम्र,उदार,सज्जन व मृदुभाषी नेता रूप में अपनी छवि बनाकर रखना चाहते थे। और उनकी कोशिश होती थी कि उनकी वाणी,आचरण तथा कार्यशैली से भी ऐसा ही संदेश जनता तक पहुंचे। यही वजह थी कि ऐसे राजनेता समाज के हर वर्ग में समान रूप से लोकप्रिय हुआ करते थे। परन्तु समय बीतने के साथ साथ न केवल राजनीति का स्वरूप बदलता गया बल्कि राजनेताओं की कार्यशैली उनके स्वभाव उनकी नीयत व नीतियों में भी काफी बदलाव देखा जाने लगा। इसका नतीजा यह हुआ कि आज के राजनेता स्वयं को विनम्र,उदार,सज्जन व मृदुभाषी नेता रूप में पेश करने के बजाये उग्र,आक्रामक,कटु वचन यहां तक कि विभाजनकारी बोल बोलने वाला एवं दबंग नेता के रूप में पेश करने लगे हैं। आज अनेक जनप्रतिनिधि सार्वजनिक सभाओं में खुले आम गैर संवैधानिक बातें करते,अपने समर्थकों को धर्म व जाति विशेष के लोगों के विरुद्ध हिंसा के लिये उकसाते,जहर उगलते तथा विद्वेष फैलाते देखे जा सकते हैं।

देश की अदालतें भी इनकी 'हेट स्पीच ' से परेशान हैं और कई बार इनपर तल्ख टिप्पणियां भी कर चुकी हैं। परन्तु सत्ता के संरक्षण,मीडिया द्वारा ऐसे नेताओं के महिमामण्डन तथा उन्हें शोहरत के शिखर तक पहुँचाने से ऐसे नेताओं को नियंत्रित करने के बजाये उल्टे इन्हें शह मिल रही है और ऐसे नेताओं की तादाद दिनोंदिन बढ़ती जा रही है।

# निपुण भारत मिशन के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी के निदेर्शानुसार राष्ट्रव्यापी निपुण भारत मिशन योजना के तहत विकासखंड चित्रकूट के प्राथमिक स्तर के शिक्षकों-शिक्षामित्रों का चार दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी के सभागार में शुरू हुआ। प्रशिक्षण में बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास के 50 शिक्षकों को प्रथम बैच दिया गया।

बुधवार को सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन खंड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट एनपी सिंह, एसआरजी हरिश्चंद्र कुशवाहा तथा एआरपी गणों में से संतोष साहू, दिलीप सिंह, तीरथ प्रसाद, अशोक पठारी, सुशील कुमार ने संयुक्त रुप से किया। प्रथम सत्र सुशील साहू ने संचालित किया। जिसमें प्रतिभागियों का पंजीकरण परिचय गतिविधि के साथ फ्री टेस्ट कराया गया। द्वितीय सत्र में एआरपी दिलीप सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत मिशन के लक्ष्य, उद्देश्य, दक्षता व आंकलन आदि पर रोचकता के साथ प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों के मध्य चर्चा एवं प्रश्नोत्तरी द्वारा समझ विकसित की गई।



तृतीय सत्र में संतोष साहू ने अधिगम, सामाजिक भावनात्मक विकास, अधिगम दक्षता आदि पर गतिविधि पर प्रकाश डाला गया। चतुर्थ सत्र को तीरथ प्रसाद ने सीखने के सिद्धांत पर चर्चा की गई। पंचम सत्र में एआरपी अशोक पठारी ने उत्साहवर्धक गतिविधि के साथ भाषा सीखने के वर्तमान तरीके व संतुलित शिक्षण पद्धति को विस्तार से बताया। छठे सत्र में एआरपी सुशील ने बुनियादी साक्षरता की वार्षिक योजना बताई। सप्तम सत्र में एआरपी दिलीप सिंह ने साप्ताहिक शिक्षण योजना की संरचना समझायी। अंतिम सत्र में एआरपी संतोष साहू ने प्रशिक्षण सत्रों का समेकन किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिसे हमारी कक्षाओं तक धरातल स्तर पर क्रियान्वित होना चाहिए।

# रिवर फ्रंट बनाने समेत मांगों को लेकर बुन्देली सेना ने जलशक्ति मंत्री से की भेंट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मंदाकिनी नदी किनारे रिवर फ्रंट बनाने समेत तमाम विकासपरक मांगों को लेकर बुन्देली सेना ने प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से उनके लखनऊ स्थित आवास में भेंट की। मांगों पर गंभीरता पूर्ण विचार करने के साथ ही पत्रों को अग्रसारित कर दिया गया।

बुधवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मंदाकिनी नदी किनारे कर्वी पुलघाट व कच्ची मुक्तिधाम के पास घाट ही नहीं हैं। दोनों मुक्तिधाम स्थलों में घाट निर्माण की मांग की गई है। इसके अलावा मंदाकिनी नदी में रिवर फ्रंट विकसित किए जाने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि यहां के पर्यटन का विकास हो सके। रामघाट में सीढ़ियों में नहाते समय डूबने की घटनाओं को देखते हुए सीढ़ियों के आगे बैरिकेटिंग लगाने, मछलियों का शिकार करने वालों पर कठोर कार्यवाही किए जाने, धर्मनगरी में भरतकूप, शिवरामपुर, बेड़ीपुलिया में भव्य तोरण द्वार बनवाए जाने की मांग की गई। इसके अलावा खोह में बनकर तैयार खड़े सौ शैय्या के मातृ एवं शिशु अस्पताल में भरपूर स्टाफ की व्यवस्था व अधूरे पड़े रोडवेज बस अड्डा में वर्कशाप का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किए जाने का अनुरोध किया है। वार्ता दौरान जलशक्ति मंत्री से चित्रकूट महोत्सव की फिर से शुरूआत करने, इलेक्ट्रिक शवदाह गृह का निर्माण कराने व मंदाकिनी की अविरलता के लिए सिंचाई विभाग में सफाई आदि के लिए अलग से बजट स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है।



# पति-पत्नी के विवाद को समाप्त करा परिवार टूटने से बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने को किये जा रहे प्रयासों के क्रम में प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र रीता सिंह ने पति-पत्नी के आपसी झगड़े को समाप्त कराकर पति-पत्नी में सुलह कराते हुये शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

बुधवार को पीड़िता सुशील पत्नी अजय निवासी सिद्धपुर ने दिये पत्र में बताया कि मेरे पति एवं ससुरालीजन मेरे साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट करते है। दहेज की मांग करते है। ससुराल में अपने साथ नहीं रख रहे है। प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र रीता सिंह एवं उनकी टीम में आरक्षी सुरुचि चैधरी व आरक्षी रक्षा यादव ने शिकायतों को विस्तार से सुनकर व समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र बुलाया। दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों ने भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा पति-पत्नी के कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र ने दोनो को साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी।



# सर्पदंश से तीन लोगों की मौत, एक का चल रहा इलाज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में सर्पदंश से तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक बुजुर्ग का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। घटना से परिजनों में शोक छा गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



कर्वी कोतवाली क्षेत्र के आनंदपुर गांव के मैका (75) पुत्र सुकरू खेत में काम कर रहे थे। तभी अचानक सांप ने डस लिया। परिजन आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में शोक छा गया। मृतक के एक पुत्र और एक पुत्री है। पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। इसी क्रम में शिवरामपुर चैकी क्षेत्र के बगलई गांव की श्यामा (65) पत्नी स्व शंभू घर में टंगे झोले से सामान निकाल रही थीं। तभी झोले में बैठे सांप ने डस लिया। यह देख परिजन अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के बड़ी मडैयन की छोटी (40) पत्नी रामचन्द्र खेत गई थी। जहां उसे सांप ने डस लिया। परिजन आनन-फानन में अस्पताल लेकर आए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। वहीं रैपुरा थाना क्षेत्र के चर गांव के गनेशदत्त (55) पुत्र ज्ञानस्वरूप को सांप ने डस लिया। परिजनों ने आनन-फानन जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# तालाब में नहाने गए दो मासूम डूबे, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुआ थाना क्षेत्र के ग्राम सुरसेन में तालाब में नहाते समय दो बच्चे गहराई की थाह न पा सके और डूब गए। पुलिस और परिजनों ने मशक्कत के बाद इनको निकाला और अस्पताल ले गए, जहां परिजनों ने इनको मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चों के घरों में कोहराम मच गया। दर्दनाक घटना मंगलवार दोपहर की है। सुरसेन निवासी बरमदेव मिश्र का बेटा शिवांश (10) विनोद रैकवार के बेटे आशीष (8) के साथ देवखरी तालाब नहाने गया था। दोनों देर तक घर नहीं पहुंचे तो घरवालों ने खोजबीन शुरू की। थानाध्यक्ष सरधुआ प्रवीण कुमार सिंह को भी सूचना दी। मौके पर पुलिस के अलावा ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र मिश्र, समाजसेवी सत्यवीर सिंह व ऋषभ सिंह आदि पहुंच गए। तालाब के पास कपड़े मिलने से इनको तालाब में ढूंढा गया तो बड़ी मशक्कत के बाद दोनों को निकाला गया। परिजन इनको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डॉ दीपक कुमार यादव ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। उधर, उप जिलाधिकारी प्रमोद झां के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल रामसुमिर मिश्रा ने गांव में घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष सरधुआ प्रवीण कुमार सिंह ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय कर्वी भेजा।



# ट्रेन में मुलाकात, दोस्ती और फिर प्यार... जानें सफर की लव स्टोरी का खौफनाक मंजर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में जीआरपी पुलिस ने चलती ट्रेन से तीन साल की बच्ची को फेंककर उसकी हत्या करने वाले सनकी प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ये मामला मानिकपुर जीआरपी थाना क्षेत्र का है। जहां मिजार्पुर जिले के सिमराकला गांव की रहने वाली सरस्वती नाम की महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि बीते 28 सितंबर को वह अपने पति के पास मुंबई जा रही थी। तब ही छिवकी रेलवे स्टेशन में उस महिला की ट्रेन में अजय नाम के युवक से मुलाकात हुई। वह भी मुंबई जा रहा था। यह मुलाकात कुछ देर में देखते ही देखते दोस्ती में बदल गई। ट्रेन में टीटी आया और जिस पर महिला के पास टिकट न होने की वजह से उसे अगले स्टेशन में उतर जाने की बात कही। जिस पर महिला मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर उतर गई और आरोपी युवक भी उसके साथ उतर गया। सतना को जाने वाली डीएमओ ट्रेन पर दोनों लोग बैठ गए। जिसके बाद बच्ची को ट्रेन की दूसरी सीट पर लेटा दिया और सोने लगे। तब ही जैतवारा रेलवे स्टेशन के आगे जब महिला की नींद खुली तो बच्ची ट्रेन से गायब थी।

बच्ची के न मिलने पर जब महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया तो आरोपी युवक अजय ने उसे ढूंढवाने की बात कहकर महिला के साथ जीआरपी सतना थाने में जाकर बच्ची की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना मानिकपुर जीआरपी को ट्रांसफर कर दी थी। जिस पर मानिकपुर जीआरपी पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू करने के बाद आरोपी अजय कुमार को पूंछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। पूंछताछ के दौरान आरोपी अजय कुमार ने पूरी घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक अजय कुमार पीड़ित महिला सरस्वती से छिवकी रेलवे स्टेशन में ट्रेन में मिले थे। दोनों में आपस में दोस्ती हो गई थी। पीड़ित महिला ने अपने पति से न पटने की बात आरोपी युवक से बताई थी। जिस पर आरोपी युवक ने महिला से शादी करने का मन बना लिया था, लेकिन पीड़ित महिला की तीन वर्ष की बच्ची शादी में अर्चन डालने की बात को सोचकर आरोपी युवक ने उसे मानिकपुर रेलवे स्टेशन के आगे खुटहा रेलवे स्टेशन के पास रात्रि में सुनसान मौका पाकर चलती ट्रेन से फेंक दिया था। बच्ची का शव आरोपी अजय कुमार की निशानदेही पर बरामद कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप : शुरुआती गलतियां हमें भारी पड़ गईं- कोच थॉमस डेननरबी

**भुवनेश्वर।** फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप भारत 2022 के अपने पहले मैच में यूएसए से हारने के बाद, भारतीय अंडर -17 विश्व कप टीम के कोच थॉमस डेननरबी ने कहा कि खेल में शुरुआती गलतियाँ टीम को भारी पड़ गईं।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि लड़कियां विरोधियों के सामने कुछ ज्यादा ही नर्वस थीं। यह उनका पहला विश्व कप मैच था और वे दबाव को नहीं संभाल सकीं। इस स्तर पर और ऐसे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ भावनाओं को नियंत्रित करना बहुत कठिन है। डेननरबी ने कहा, हमने अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ खेला और यह वास्तव में हमारे लिए कठिन था। हम गेंद को पास करने या बिल्ड अप करने के लिए पर्याप्त आश्वस्त नहीं थे और उन्होंने खेल में कुछ शुरुआती गलतियाँ कीं जिसने वास्तव में हमारे प्रदर्शन को प्रभावित किया।



भारतीय टीम को अंडर -17 महिला विश्व कप के अपने पहले मैच में 8-0 से हार का सामना करना पड़ा और कप्तान अस्तम उरांव ने स्वीकार किया कि यूएसए के खिलाफ टीम से गलती हुई, उरांव ने कहा, हां, हम जानते हैं कि हमने उनके खराब प्रदर्शन किया, उनकी गति, उच्च दबाव की रणनीति- सब कुछ काफी मजबूत था।

उन्होंने कहा, हमने इस मैच से बहुत कुछ सीखा है और हम अपने अगले मैचों में उन क्षेत्रों पर काम करेंगे जहां पहले मैच में हमने गलती की थी। जब कोच से पूछा गया कि वह खिलाड़ियों को हार से कैसे प्रेरित करेंगे, तो उन्होंने कहा, कोच का चेहरा भी खिलाड़ी का चेहरा होता है। तो मैं मुस्कुराता रहूंगा और उन्हें हर संभव तरीके से सहारा दूंगा। मैंने लॉकर रूम में लड़कियों से बात की और कहा- 'लड़कियों, सूरज निकलेगा और हमारी एक नई सुबह होगी। हमें हार को स्वीकार करना होगा और और मजबूत होकर वापसी करनी होगी। प्रतियोगियों में हार-जीत का अंतर केवल 0.15 प्वाइंट ही रहा।

# महिला एशिया कप : थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ फाइनल में जगह बनाने उतरेगा भारत

**सिलहट (बांग्लादेश)।** भारत का महिला एशिया कप में अब तक का सफर आसान रहा है और गुरुवार को यहां सेमीफाइनल में टीम जब थाईलैंड की कमजोर टीम से भिड़ेगी तो उसके एक और जोरदार जीत दर्ज करने की उम्मीद है। इन दोनों टीम के बीच पिछला मुकाबला काफी एकतरफा रहा था जिसमें भारत ने थाईलैंड को 15.1 ओवर में सिर्फ 37 रन पर ढेर कर दिया था और फिर लीग चरण के इस मुकाबले में आसान जीत दर्ज की। थाईलैंड की टीम भारत के खिलाफ पिछले मैच की तुलना में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। टीम ने मेजबान और गत चैंपियन बांग्लादेश को पछाड़कर पहली बार एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। नारुमोल चाईवाई की टीम यह साबित करने की उम्मीद कर रही होगी कि टूर्नामेंट के लिए उसका क्वालीफाई करना तुक्का नहीं है। भारत को इस टूर्नामेंट के जरिए अपनी बेंच स्ट्रैंथ को परखने का शानदार मौका मिला है और इस प्रतियोगिता के जरिए टीम की कम अनुभवी खिलाड़ियों को दक्षिण अफ्रीका में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले पर्याप्त मुकाबले खेलने का समय मिला है। इस रणनीति के तहत भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर छह लीग मैच में से केवल तीन में खेली और भारत की एकमात्र हार के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं।

# राष्ट्रीय खेल : कर्नाटक और हरियाणा की हॉकी टीम ने जीते खिताब

**राजकोट।** कर्नाटक और हरियाणा ने ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में 36वें राष्ट्रीय खेलों के हॉकी प्रतियोगिता के पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीतकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया। निर्धारित समय तक 2-2 की बराबरी पर रहने के बाद कर्नाटक ने पुरुषों के फाइनल में उत्तर प्रदेश को टाई-ब्रेकर में 5-4 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। महिलाओं के वर्ग में हरियाणा की महिला टीम ने पंजाब को एक गोल के अंतर से हराकर खिताब जीत लिया और 2015 खिताब गंवाने के बाद से इसे फिर से हासिल कर लिया।

कर्नाटक ने 21 साल बाद फाइनल में जगह बनाई, जहां टीम के लिए एसवी सुनील और हरीश मुतागर ने गोल किया, जबकि सुमित और मनीष यादव ने रेगुलेशन टाइम में कर्नाटक के लिए गोल दागे। निकिन थिमैया सीए, हरीश मुतगर, भारन सुदेव और मोहम्मद राहील ने पेनल्टी शूट आउट में कर्नाटक के लिए गोल किया।

उत्तर प्रदेश के लिए राजकुमार पाल, राहुल कुमार राजभर, विशाल सिंह और सुमित गोल करने में सफल रहे। हालांकि उत्तर प्रदेश के लिए राजकुमार पाल गोल करने में विफल रहे जबकि आभरण सुदेव ने उत्तर प्रदेश के गोलकीपर प्रशांत कुमार को छकाते हुए गोल करके कर्नाटक के लिए स्वर्ण पदक पक्का कर दिया। कर्नाटक ने इसके साथ ही साबित कर दिया कि उन्हें हराना आसान नहीं है। उत्तर प्रदेश, जिसने पेनल्टी शूट आउट में महाराष्ट्र को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था, ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को अपने लंबे पास और अच्छे इंटरसेप्शन के साथ मिला दिया। महिला वर्ग में रानी रामपाल के एकमात्र गोल के दम पर हरियाणा ने पंजाब को मात देकर खिताब पर कब्जा जमाया। रानी पंजाब के खिलाफ रोमांचक महिला फाइनल में मैच विजेता बनी। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी ने सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के खिलाफ पांच गोल किए थे। उन्होंने 2015 में केरल में उसी टीम से हारे हुए खिताब को हासिल करने के लिए 30वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल किया। रानी रामपाल ने कहा, 'हमने कई बार जीत हासिल की है, लेकिन पंजाब के खिलाफ यह जीत बेहद खास है।'



टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक बनाने वाली पंजाब की कप्तान गुरजीत कौर ने कहा, 'हमने अच्छा खेला, लेकिन कुछ मौके गंवाए जिससे फर्क पड़ा।' सविता पुनिया पंजाब और जीत के बीच खड़ी रहीं क्योंकि उन्होंने अंतिम क्वार्टर में पंजाब के स्ट्राइकर लालरेम्सियामी के खिलाफ कई बचाव किए। इससे पहले, ऐश्वर्या राजेश चव्हाण ने हैट्रिक लगाई और मध्य प्रदेश ने झारखंड को 5-2 से हराया, जबकि महाराष्ट्र ने हरियाणा को 5-4 से हराया। महाराष्ट्र ने अच्छी वापसी की क्योंकि वे चौथे क्वार्टर तक 0-1 से पीछे थी। उन्होंने पांच मिनट में 2-1 की बढ़त ले ली, लेकिन हरियाणा ने स्कोर बराबर करते हुए वापसी की। मध्य प्रदेश के लिए 11वें 40वें और 43वें मिनट में ज्योति पाल और साधना सेंगर ने एक-एक गोल दागे। संगीता कुमारी और दीपिका सोरेंग ने झारखंड के लिए बॉल को नेट में पहुंचाया। इस साल अपने दूसरे कांस्य पदक की तलाश में लखनऊ और झारखंड में सीनियर महिला टीमें दूसरे क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अपने प्रतिद्वंद्वियों के बेहतर खेल के आगे घुटने टेक दिए। मध्य प्रदेश ने खेल के पहले 15 मिनट में दो बार आक्रमण करते हुए अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। मनीषा चौहान और ज्योति सिंह ने ज्यादातर काम सबसे आगे किया। उन्होंने अपना पहला पेनल्टी हासिल किया और फिर इस क्वार्टर के दौरान एक फील्ड गोल किया।

# भारत 2025 तक 1800 बांग्लादेशी लोक सेवकों को करेगा प्रशिक्षित

**ढ़ाका।** भारत 2025 तक बांग्लादेश के 1,800 लोक सेवकों को प्रशिक्षित करेगा। कार्मिक मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मसूरी में राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) में बांग्लादेश के लोक सेवकों के लिए 'फील्ड एडमिनिस्ट्रेशन' में दो सप्ताह के 53वें क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। बयान में कहा गया है कि 2019 से पहले एनसीजीजी में बांग्लादेश के 1,500 लोक सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कहा गया है, ''पहले चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद बांग्लादेश के 1,800 और लोक सेवकों की क्षमता निर्माण का जिम्मा उठाया जाएगा, जो 2025 तक पूरा करने की योजना है।'' यह देश में इकलौता संस्थान है जिसने सहायक आयुक्त, उप-जिला निर्भय



अधिकारी/उपमंडलीय दंडाधिकारी (एसडीएम) और अतिरिक्त उपायुक्त जैसे बांग्लादेश के 1,727 फील्ड स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है। भारत सरकार ने देश के सर्वोच्च संस्थान के तौर पर 2014 में एनसीजीजी की स्थापना की थी। यह सुशासन, नीतिगत सुधारों, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण पर केंद्रित तथा थिंक टैंक के रूप में भी काम करता है। बयान में कहा गया है कि एनसीजीजी ने बांग्लादेश, केन्या, तंजानिया, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, गाम्बिया, मालदीव, श्रीलंका, अफगानिस्तान, लाओस, वियतनाम, भूटान, म्यांमा और कंबोडिया जैसे 15 देशों के लोक सेवकों को प्रशिक्षण दिया है। इसमें कहा गया है कि यह प्रशिक्षण इसमें भाग लेने वाले अधिकारियों के लिए अत्यधिक उपयोगी पाया गया है।

# जयशंकर ने कहा- भारत के लिए चीन के साथ संबंध अढ़ाई साल से ''बहुत कठिन'' रहे

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के संबंधों के बढ़ते महत्व और सुरक्षा-केंद्रित क्वाड के सदस्यों के रूप में दोनों देशों के हितों पर लोवी इंस्टिट्यूट में अपने संबोधन के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां कहा कि पिछले कुछ सालों से चीन ने बेहद आक्रामक रुख अपना रखा है । उन्होंने कहा कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध पिछले अढ़ाई साल से ''बहुत कठिन'' रहे और इसमें 40 साल बाद सीमा पर हुआ पहला रक्तपात भी शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने बीजिंग के साथ संवाद माध्यम को खुला रखा क्योंकि पड़ोसियों को एक-दूसरे से बात करनी पड़ती है।

विदेश मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा, ÷चीन के साथ संबंधों में हमारे लिए अढ़ाई साल




बहुत कठिन थे, जिसमें 40 साल बाद सीमा पर हुआ पहला रक्तपात शामिल है और जहां हमने वास्तव में 20 सैनिकों को खो दिया।'वर्ष 2009 से 2013 तक चीन में भारत के राजदूत रहे मंत्री ने कहा, ''लेकिन हमारा प्रयास, मेरा प्रयास संवाद माध्यम को चालू रखने का रहा है। वास्तव में, उसके बाद की सुबह, मैंने अपने समकक्ष वांग यी को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि चीनी पक्ष की ओर से कोई तनाव भड़काने वाला या जटिलता पैदा करने वाला काम नहीं किया जाए। उन्होंने कहा, ''कूटनीति संचार के बारे में है। यह सिर्फ चीन के साथ संबंधों में नहीं है, यहां तक ????कि (अन्य देशों) के संबंध में भी ... यदि राजनयिक एक-दूसरे के साथ संवाद नहीं करेंगे, तो वे किस तरह की कूटनीति करेंगे?÷ उन्होंने कहा कि आखिर में देशों को एक-दूसरे के साथ बात करनी पड़ती है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

# यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से लगातार हवाई हमले कर रहा रूस, जेलेंस्की ने जी-7 की बैठक को किया संबोधित

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर लगातार मिसाइल और ड्रोन से हवाई हमले जारी रखा। इससे एक दिन पहले किए गए हमलों में 19 लोगों की मौत हो गई थी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने इन हमलों को स्तब्धकारी बताया और कहा कि यह युद्ध अपराध के समान हो सकते हैं। यूक्रेन में सुबह दूसरे दिन भी हवाई हमलों की चेतावनी जारी की गई और कीव और कई अन्य शहरों में कुछ महीनों की शांति के बाद कुछ निवासियों को वापस पनाहगाहों में भेजा गया। यूक्रेन की राजधानी कीव समते 12 क्षेत्रों पर रूस ने बमबारी की। यूक्रेन के अधिकारियों ने लोगों से रसद और पानी के भंडारण की सलाह के साथ सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। रूसी मिसाइलों के हमले में कई क्षेत्रों में बिजली चली गई है। राजधानी कीव के 67 वर्षीय निवासी वोलोदीमीर वसीलेंको ने कहा कि इन हमलों से डर नहीं लग रहा है बल्कि गुस्सा आ रहा है। उन्होंने कहा, हम इसके आदी हो चुके हैं और हम लड़ना जारी रखेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने मंगलवार को वीडियो लिंक के माध्यम से सात औद्योगिक शक्तियों के समूह (जी-7) को संबोधित किया। बैठक के बाद जी-7 के नेताओं ने कहा कि उनका देश यूक्रेन के साथ मजबूती से खड़ा है। रूस ने मंगलवार को बिजली संयंत्रों और असैन्य इलाकों पर बमबारी की। उसने सोमवार को भी ऐसा ही किया था। राज्य आपात सेवा ने बताया कि दक्षिणी शहर ज़ापोरिज्जिया में सार्वजनिक स्थानों पर 12 मिसाइलें गिरने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई और भीषण आग लग गई। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि मिसाइलें, स्कूल, आवासीय इमारतों और अस्पतालों पर गिरी हैं।

पश्चिमी ल्वीव और विन्नीत्सया क्षेत्रों में बिजली संयंत्रों को निशाना बनाया गया है। इस वजह से देश के 300 से ज्यादा शहरों में बिजली गुल हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के बलों ने रूस की एक मिसाइल को कीव पहुंचने से पहले ही हवा में मार गिराया।

राज्य आपात सेवा ने कहा कि सोमवार को हुए हमलों में 19 लोगों की मौत हो गई और 105 लोग घायल हुए हैं। रूस को क्रीमिया प्रायद्वीप से जोड़ने वाले एक पुल पर सप्ताहांत पर किए गए विस्फोट के जवाब में रूस ने ए हमले किए हैं। रूस ने 2014 में यूक्रेन से इस क्षेत्र को लेकर अपने देश में मिला लिया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आरोप लगाया कि शनिवार को केरच ब्रिज पर किए गए हमले की मास्टरमाइंड यूक्रेन की विशेष सेवा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त के दफ्तर की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने जिनेवा में पत्रकारों से कहा कि बिजली संयंत्र और अन्य असैन्य ठिकानों पर हमले करना युद्ध अपराध की श्रेणी में आ सकता है।

## 21 और 24 अक्टूबर को जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रम्प मनाएंगे दीपावली

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 24 अक्टूबर को व्हाइट हाउस में दीपावली मनाएंगे, जबकि उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप की अपने फ्लोरिडा स्थित मार-ए-लागो रिज़ॉर्ट में 21 अक्टूबर को यह त्योहार मनाने की योजना है। बाइडन की भारतीय अमेरिकी समुदाय के प्रतिष्ठित सदस्यों और उनके प्रशासन के सदस्यों के साथ दीपावली मनाने की योजना है। प्रथम महिला जिल बाइडन भी 24 अक्टूबर को व्हाइट हाउस में होने वाले इस उत्सव में



शामिल होंगी। व्हाइट हाउस में दीपावली के जश्न से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभी नहीं दी गई है। इस बीच, रिपब्लिकन हिंदू गठबंधन (आरएचसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि ट्रंप अपनी पार्टी के सदस्यों और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं के साथ 21 अक्टूबर को अपने मार-ए-लागो रिज़ॉर्ट में दीपावली मनाएंगे। आरएचसी के शलभ कुमार ने बताया कि चार घंटे तक इस पर चर्चा की गई। ट्रंप की टीम आतिशबाजी करने की योजना भी बना रही है।

# प्रतिबंधित रूसी बिजनेसमैन की यॉट की पार्किंग पर विवाद गहराया, अमेरिका ने दी धमकी, हांगकांग बोला- हम केवल यूएन के प्रतिबंधों को मानते हैं

**वाशिंगटन।** रूसी बिजनेस टाइकून के खिलाफ प्रतिबंधों को लेकर अमेरिका और चीन एक बार फिर से आमने-सामने हैं। हांगकांग के नेता जॉन ली ने रूस के सबसे रईस कारोबारी एलेक्सी मोरदाशोव के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों को दरकिनार कर दिया है। चीन के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के नेता ने कहा कि वह 'संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को ही लागू करेंगे'।

हांगकांग के नेता का बयान यूएस की चेतावनी के बाद सामने आया है। अमेरिका ने इससे पहले धमकी देते हुए



कहा था कि प्रतिबंधित व्यक्तियों द्वारा हांगकांग की धरती को पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल करने से वित्तीय केंद्र खतरे में पड़ सकता है। रूसी टाइकून एलेक्सी मोर्दशोव के स्वामित्व वाले 500 मिलियन डॉलर के सुपररीच नॉर्ड के हांगकांग शहर में डॉक किए जाने के बाद ये सारा विवाद शुरू हुआ है। हांगकांग के नेता जॉन ली ने कहा कि वो केवल संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को ही लागू करेंगे।

ली का बयान तब सामने आया है जब कुछ दिन पहले रूसी कारोबारी एलेक्सी मोरदाशोव की एक आलीशान याट शहर के तट पर रूकी थी। मोरदाशोव को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बेहद करीबी माना जाता है। इसी साल फरवरी में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद उन पर अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ की तरफ से प्रतिबंध लगाया गया है। हांगकांग नेता ने कहा कि हम ऐसा कुछ नहीं कर सकते हैं जिसका कोई कानूनी आधार नहीं हो। हम संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को मानेंगे, यही हमारा तंत्र है। इससे पहले अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता की तरफ से कहा गया था कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानकों के अनुपालन पर निर्भरता से वित्तीय केंद्र के तौर पर शहर की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में तीन साल के लिए चुने गए 14 देश

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में तीन साल के लिए 14 देश चुने गए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष कसाबा कोरोसी ने इस बाबत हुए मतदान के बाद वर्ष 2023 से 2025 के लिए बांग्लादेश, मालदीव, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका सहित 14 देशों के चुने जाने का एलान किया। जानकारी के अनुसार संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2025 तक के लिए 12 सदस्य देशों के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्य




देशों के बीच मतदान हुआ था। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष कसाबा कोरोसी ने बताया कि 1 जनवरी, 2023 से शुरू होकर तीन साल के लिए अल्जीरिया, बांग्लादेश, बेल्जियम, चिली, कोस्टा रिका, जॉर्जिया, किर्गिस्तान, मालदीव, मोरक्को, रोमानिया, दक्षिण अफ्रीका, सूडान, जर्मनी और वियतनाम को चुना गया है। मानवाधिकार परिषद के कुल सदस्य देश 47 हैं। दक्षिण कोरिया और वेनेजुएला इस शीर्ष मानवाधिकार संस्था की सदस्यता के लिए पुनः चुने जाने के लिए मैदान में थे, किन्तु उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के जिम्मे दुनिया भर में मानवाधिकारों की रक्षा करना व उन्हें बढ़ावा देने का काम है। परिषद में सदस्यता के लिये संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्य देश गोपनीय मतदान करते हैं। ये सदस्य देश मानवाधिकार परिषद के सदस्य देश, तीन वर्ष की अवधि के लिये चुने जाते हैं। कोई भी सदस्य देश लगातार दो कार्यकाल पूरा करने के बाद तीसरे कार्यकाल के लिए उम्मीदवार नहीं हो सकते हैं।

# म्यांमार की नेता आंग सान सू ची को जेल में बिताने होंगे 26 साल, भ्रष्टाचार के मामले में हुई सजा

**बैंकॉक।** सैन्य शासित म्यांमा की एक अदालत ने अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को भ्रष्टाचार के दो और मामलों में दोषी ठहराया है। इन दोनों मामलों में उन्हें क्रमशः दो और तीन साल की सजा सुनाई गई है, जिससे अब उन्हें जेल में कुल 26 साल बिताने होंगे।

गौरतलब है कि एक फरवरी 2021 को म्यांमा की सेना ने देश की बागडोर अपने हाथों में ले ली थी और सू ची (77) तथा म्यांमा के कई बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया था। सू ची पर आरोप था कि उन्होंने कई साल पहले मादक पदार्थों की तस्करी के लिए दोषी ठहराए गए माउंग वीक से 5,50,000 डॉलर रिश्वत ली थी। हालांकि, उन्होंने इस मामले में अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को खारिज किया है।

सू ची को अवैध रूप से वॉकी-टॉकी आयात करने व



रखने, कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए लागू प्रतिबंधों का उल्लंघन करने, राजद्रोह और भ्रष्टाचार के कई मामलों में पहले ही 23 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। दोनों नए मामलों में सुनाई गई सजा साथ-साथ चलेगी। ऐसे में सू ची को अब कुल 26 साल जेल में बिताने होंगे।

समर्थकों व स्वतंत्र विश्लेषकों का कहना है कि सभी आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और सू ची को अगले चुनाव में हिस्सा लेने से रोकने के लिए बदनाम करने व सेना के अवैध रूप से सत्ता पर काबिज होने को सही ठहराने के लिए ऐसा किया जा रहा है। सू ची को लगातार अलग-अलग मामलों दोषी ठहराए जाने से उनकी 'नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी' का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। सेना ने देश में 2023 में नए सिरे से चुनाव कराने की घोषणा की है। सू ची की पार्टी ने पिछले आम चुनाव में भारी जीत हासिल की थी, लेकिन सेना का कहना है कि चुनाव में व्यापक पैमाने पर धांधली हुई थी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति पद की पूर्व उम्मीदवार तुलसी गबार्ड ने छोड़ी डेमोक्रेटिक पार्टी, लगाए नस्लवाद के आरोप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद की पूर्व उम्मीदवार तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेटिक पार्टी से नाता तोड़ने की घोषणा की। उन्होंने पार्टी पर देश में हर मुद्दे को नस्लीय बनाने का आरोप लगाया। गबार्ड ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए लगभग 30 मिनट के एक वीडियो में यह घोषणा की है। तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेटिक पार्टी को नस्लवाद का दोषी ठहराते हुए कहा है कि वो अब इस पार्टी की सदस्य नहीं रह सकती हैं। यह पार्टी कायरता से प्रेरित है। ये हर मुद्दे को नस्लीय बनाकर हमें बांटते हैं और श्वेत-विरोधी नस्लवाद को भड़काते हैं। गबार्ड ने अपने साथी डेमोक्रेट्स से इस मसले पर साथ देने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि उनके साथियों को भी पार्टी छोड़ देनी चाहिए। वह पिछले दो दशक से डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ जुड़ी हुई थी।

## शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन व्हील्स' का पहला कॉमर्शियल टूर शुरू

**जयपुर/नई दिल्ली।** शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन व्हील्स' को अपने पहले कॉमर्शियल टूर के लिए नई दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से बुधवार सायं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पैलेस ऑन व्हील्स शाही रेलगाड़ी को राजस्थान का सांस्कृतिक दूत कहा जाता है, जो पर्यटन के क्षेत्र में दुनिया में एक मिसाल है। पिछले 40 वर्ष से चल रही इस ट्रेन को दो वर्षों के अन्तराल के बाद पुनः प्रारम्भ किया गया है। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ ने बताया कि पैलेस ऑन व्हील्स 1982 से लगातार चल रही थी, 2020 में कोविड के कारण इस ट्रेन को बंद कर दिया गया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# वेनेजुएला में भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हुई

**वेनेजुएला।** मध्य वेनेजुएला में एक भीषण भूस्खलन में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 34 हो गयी है। बचावकर्मी मलबे में दबे लोगों की ड्रोन एवं प्रशिक्षित श्वान दस्तों की मदद से तलाश कर रहे हैं। निवासियों ने पानी और मिट्टी के सैलाब से बाल-बाल बच निकलने की खौफनाक दास्तां सुनायी। जोस मेडिना ने बताया कि लास तेजेरियास शहर में उनके घर में पानी कमर के स्तर तक घुस आया था। वह और उनका परिवार इसमें फंस गए थे लेकिन किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रहे। मेडिना ने अपने परिवार के बच निकलने को ''चमत्कार' बताया।

लास तेजेरियास में कई पर्वतीय इलाकों में तूफान 'जूलिया' के कारण मूसलाधार बारिश आयी, जिसे बाढ़ आ गयी और मिट्टी धंस गयी। वेनेजुएला के अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ में कम से कम 34 लोगों की मौत हो गयी है और 60 अन्य लोग लापता हैं। नकदी के संकट से



जूझ रहे इस दक्षिण अमेरिकी देश में हाल के वर्षों में यह सबसे खराब प्राकृतिक आपदा है। इस बीच, बचावकर्मियों ने मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए ड्रोन और श्वान दस्तों का इस्तेमाल किया।

देश की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा, ''हमें अब भी ऐसे लोगों के मिलने की उम्मीद है जिन्हें बचाया जा सकता है।'' वेनेजुएला के प्राधिकारियों ने बताया कि लास तेजेरियास में 317 मकान मिट्टी धंसने से ढह गए और 750 अन्य मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। वेनजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने रविवार को पीड़ितों के लिए तीन दिन के शोक की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि बाढ़ से देश के 11 राज्यों को नुकसान पहुंचा है।

# भारत ने अफगानिस्तान को चिकित्सा सहायता की 13वीं खेप भेजी

**काबुल।** भारत ने युद्ध से प्रभावित अफगानिस्तान को मानवीय सहायता की 13वीं खेप भेजी है जिसमें आवश्यक दवाएं, चिकित्सा एवं सर्जिकल उपकरण शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इसे काबुल स्थित इंदिरा गांधी शिशु अस्पताल को सौंप दिया गया है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अफगानिस्तान के लोगों के साथ विशेष संबंध और वहां के लोगों की मदद करने की संयुक्त राष्ट्र की अपील के मद्देनजर भारत ने आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों सहित चिकित्सा सहायता की तेरहवीं खेप भेजी है

इसमें कहा गया है कि चिकित्सा सहायता में आवश्यक दवाओं के अलावा पेडियाट्रिक स्टेथेस्कोप, स्फिग्नोमैनोमीटर, इंफ्यूजन पंप, ड्रिप चैम्बर सेट, विद्युत प्रदाह यंत्र, तथा अन्य सर्जिकल उपकरण शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार, इसे काबुल स्थित इंदिरा गांधी शिशु अस्पताल



के अधिकारियों को सौंप दिया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अभी तक भारत ने अफगानिस्तान को 45 टन चिकित्सा सहायता भेजी है जिसमें जीवन रक्षक दवा, टीबी रोधी दवा, कोविड रोधी टीके की पांच लाख खुराक, सर्जिकल उपकरण आदि शामिल हैं । इसके अलावा भारत ने अफगानिस्तान के लोगों को 40,000 मीट्रिक टन गेहूं की आपूर्ति भी की है।गौरतलब है कि भारत ने हमेशा अफगानिस्तान को निर्वाध मानवीय सहायता प्रदान करने पर जोर दिया है । अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद देश को मानवीय संकट का सामना करना पड़ा है। भारत ने अब तक अफगानिस्तान में नये शासन को मान्यता नहीं दी है और काबुल में सही अर्थों में समावेशी सरकार के गठन की जरूरत बतायी है।